RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 351
हिसार | सोमवार, 18 मार्च, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६







# हरियाणा में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सीआरपीएफ की 200 कंपनियां मांगीं, डीजीपी ने गृह विभाग को भेजी डिमांड

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 18 मार्च :** हरियाणा में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा पुलिस मुखिया ने केंद्रीय बलों की 200 और कंपनियों की मांग की है। राज्य को पहले ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 15 कंपनियां मिल चुकी हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की ओर से यह डिमांड सूबे के गृह विभाग को भेजी गई है। हालांकि इस पर हरियाणा राज्य चुनाव आयोग (एचएसईसी) की कमेटी फैसला लेगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उन्हें पुलिस की डिमांड की जानकारी है। हालांकि वह अभी तक हमारे पास नहीं आया है। एक बार जब वह प्रस्ताव हमारे पास भेज दिया जाएगा, तो उनकी अध्यक्षता में गठित की गई एक कमेटी उस मांग को मंजूरी देगी। साथ ही आगे की कार्रवाई के लिए इसे भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को भेज दिया जाएगा। हरियाणा को 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में 95 अर्धसैनिक बलों की कंपनियां मिली थीं। यह पूछे जाने पर कि इस बार दोगुनी से अधिक कंपनियों की मांग क्यों की गई है, इस पर हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि मुझे लगता है कि हमने पिछली बार भी लगभग इतनी ही या इससे अधिक संख्या में कंपनियों की मांग की थी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त, चुनाव के दौरान सुरक्षा के लिए हरियाणा पुलिस और होमगार्ड के जवानों को भी तैनात किया जाएगा। हरियाणा में इस बार कुल 19 हजार 812 मतदान बनाए जाएंगे, जिनमें 6 हजार 224 शहरी और 13 हजार 588 ग्रामीण मतदान केंद्र शामिल हैं, जिनमें 2289 संवेदनशील और 63 अति संवेदनशील मतदान केंद्र बनाए गए हैं। एक मतदान केंद्र पर औसतन 1001 मतदाता अपने मत डाल सकेंगे। सभी मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित जन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी।हरियाणा में इस बार 1 करोड़ 99 लाख 38 हजार 247 मतदाता हैं। 85 वर्ष से अधिक मतदाताओं की संख्या 2 लाख 64 हजार 760 है। इसी तरह से 100 से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 11 हजार 28 है। 120 आयु के 41 मतदाता हैं। ऐसे मतदाताओं के लिए चुनाव रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय से घर जाकर उनसे विकल्प लिया जाएगा कि वे मतदाता केंद्र में आकर मतदान करना चाहते हैं या फिर घर से। सर्विस मतदाताओं का संख्या 1 लाख 8 हजार 572 है। 18 से 19 आयु के मतदाताओं की संख्या 3 लाख 65 हजार 504 है तथा 20 से 29 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 39 लाख 31 हजार 717 है।

### साइबर ठगी का शिकार होने का तुरंत डायल करें हेल्पलाइन नंबर 1930- डीजीपी हरियाणा

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे साइबर फ्रॉड से बचाव को लेकर सतर्क रहें और किसी भी अनजान व्यक्ति से ओटीपी शेयर ना करें। साइबर फ्रॉड होने पर लोग जल्द से जल्द अर्थात गोल्डन ऑवर में हेल्पलाइन नंबर-1930 पर संपर्क करें ताकि साइबर फ्रॉड की गई राशि को फ्रिज किया जा सके।

## 25 मई को हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों पर मतदान पिछले चार चुनावों की अपेक्षा सबसे लेट और गर्म दिन को

**वर्ष 2019 में 12 मई, 2014 में 10 अप्रैल, 2009 में 7 मई और 2004 में 10 मई को हुआ था मतदान**

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 18 मार्च :** शनिवार 16 मार्च भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा देश की 18वीं लोकसभा के आम चुनाव के लिए घोषित विस्तृत चुनावी कार्यक्रम के अनुसार हरियाणा प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर 25 मई 2024 शनिवार को मतदान होगा।

इसी बीच पंजाब एवं हाईकोर्ट एडवोकेट एवं चुनावी विश्लेषक हेमंत कुमार ने भारतीय चुनाव आयोग के आधिकारिक आंकड़ों से जानकारी एकत्रित कर बताया कि अगर पिछले चार लोकसभा आम चुनावों के दौरान हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर कराये गए मतदान की तारीखों का अवलोकन किया जाए तो इस बार उन सभी पिछले चुनावों के मतदान की अपेक्षाकृत सबसे लेट और गर्म दिन को हरियाणा में मतदान होगा।

उन्होंने बताया कि आज से पांच वर्ष पूर्व 2019 में 17वीं लोकसभा आम चुनाव दौरान हरियाणा में 12 मई को, वर्ष 2014 में 16वीं लोकसभा आम चुनाव दौरान 10 अप्रैल को, वर्ष 2009 में 15वीं लोकसभा आम चुनाव दौरान 7 मई को और वर्ष 2004 को 14वीं लोकसभा आम चुनाव दौरान 10 मई को मतदान कराया गया था।

हेमंत ने यह भी बताया कि प्रतिवर्ष 25 मई से 2 जून अर्थात नौ दिनों को नौतपा कहते हैं क्योंकि इन नौ दिनों में प्रचंड ताप अर्थात गर्मी पड़ती है। इसके अलावा चूंकि इस वर्ष 25 मई 2024 को शनिवार का दिन पड़ता है, इसलिए उस दिन पहले से ही हरियाणा सरकार के कार्यालयों में अवकाश होता है एवं क्योंकि इस वर्ष 25 मई महीने का चौथा शनिवार भी है अतः उस दिन बैंक अवकाश अर्थात पब्लिक हॉलिडे भी है। हालांकि निजी क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मतदान का दिन होने के कारण 25 मई को पूर्ण अवकाश अर्थात पेड हॉलिडे (वेतन के साथ अवकाश) घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चूँकि देश के सभी राज्यों एवं यूटीस की सभी 543 लोकसभा सीटों पर विभिन्न सात चरणों में हुए मतदान की मतगणना 4 जून को ही होनी है, इसलिए हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों के मतदाताओं को मतदान के बाद केवल 10 दिन ही चुनाव परिणाम का इंतज़ार करना पड़ेगा।

## आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए मंडल पुलिस द्वारा किए जा रहे है आवश्यक सुरक्षा प्रबंध : एडीजीपी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ एम. रवि किरण ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर हिसार मंडल में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। मंडल पुलिस शान्तिपूर्वक चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि मण्डल पुलिस संवेदनशील स्थानों पर नजर रखे हुए है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। सभी मतदान केंद्रों व मतदान सामग्री की सुरक्षा के लिए आवश्यक पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। यदि जरूरत पड़ी तो केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की टुकड़ी भी तैनात की जाएगी। इसके साथ-साथ मण्डल पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों की मैपिगं भी करवाई जा रही है। एडीजीपी ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष व शान्तिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए मण्डल पुलिस द्वारा व्यापक प्रबंध किये जा रहे है। किसी भी व्यक्ति को निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने नहीं दी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति अथवा राजनीतिक दल आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना करने का दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव निर्बाध व शान्तिपूर्वक सम्पन्न करवाने के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है।

## नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने से सर्व समाज में खुशी की लहर है : अनिल सैनी मानी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने की खुशी में वार्ड नंबर 8 के राजीव नगर में अमित सैनी के निवास स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन कर लड्डू बांटे गए। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नगर निगम निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी ने इस अवसर पर कहा कि नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने से सर्व समाज में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें एक साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत के बल पर मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के पद तक पहुंच सकता है। नायब सैनी इसका उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि नायब सैनी एक किसान परिवार से आते हैं और वो आम आदमी से जुड़े हुए हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर बलबीर, मुकेश यादव, नंदी गुर्जर, अमित मदान, घोलू वर्मा, नीतेश, दलजीत सैनी, कपिल सैनी, अमित गोयल, विजय असीजा, संजय सूरा, संजय सोनी, आलोक खरेरा व राजेंद्र सैनी आदि भी उपस्थित रहे।

## ताले तोड़ लाखों की चोरी, मकान मालिक ने भतीजे पर लगाया आरोप

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** हिसार में एक व्यक्ति ने अपने भतीजे पर उसके घर का ताला तोड़कर घर से सोने-चांदी के आभूषणों सहित नकदी चोरी करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत हिसार के गांव राजीव नगर झिड़ी निवासी मदन लाल ने थाना अग्रोहा में दी है। शिकायत में मदन लाल ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह अपनी पत्नी के साथ बाहर गया हुआ था। जब वह दोपहर करीब एक बजे अपने घर पहुंचा तो देखा कि उसके मकान और अलमारी के ताले टुटे हुए हैं। घर का सभी सामान बिखरा हुआ था। जब सामान को चेक किया तो अलमारी में रखी 2 अंगूठी और सोने की 1 जोड़ी कानों की बाली, 1 जोड़ी पाजेब, दो कड़े, 1 माला मोरणी, 1 सिक्का चांदी, चुटकी और करीब 7000 रुपए गायब मिले। उसके द्वारा आसपास पता किया तो मालूम हुआ कि उसका भतीजा जो नशा करने का आदी है, दोपहर करीब 12 बजे मकान की दीवार कूदकर घर में घुस और कमरों के ताले तोड़कर जेवर व नकदी चोरी कर ले गया। अग्रोहा पुलिस ने शिकायत पर आरोपी पवन कुमार के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर, जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## लोगों का जनआक्रोश देखकर हरियाणा के मुख्यमंत्री को हटाया गया : सम्पत सिंह

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** पूर्व मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रो. सम्पत सिंह ने कहा कि लोगों का जनआक्रोश देखकर हरियाणा के मुख्यमंत्री को हटाया गया है। भाजपा के 10 साल के राज से विशेष करके हरियाणा प्रदेश में किसान, श्रमिक, कर्मचारी, व्यापारी, जवान, महिला व युवा खिलाडियों व डॉक्टरों ने भी सरकार के प्रति जबरदस्त गुस्सा है। फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 'सी-2' फार्मूले के अनुसार न मिलना, नकली बीज, खाद के कट्टे का वजन 50 किलो से 40 किलो और वो भी महंगी, मंहगें कृषि उपकरण, फसल खराबें का मुआवजा न मिलने की वजह से किसान नाराज है। पिछले दिनों कृषि विश्वविद्यालय के



कृषि अर्थशास्त्र के विशेषज्ञ ने 2022-23 की किसान की खेती की आमदनी व खर्चे का आंकलन करते हुए कहा कि 2.7 एकड़ वाले किसान का प्रतिवर्ष 1.31 लाख रूपए घाटा होता है यानी हर साल उसका कर्ज उतना ही बढ़ जाता है। प्रदेश के लाखों बेरोजगार बार-2 परीक्षाएं देने के बावजूद पेपर लीक होने की वजह से आज बहुत बड़े सदमे में है। उन्होंने उपरोक्त बातें गांव देवां व गुंजार, नवदीप कालोनी व सैक्टर 15 में ''घर-घर कांग्रेस और हर घर कांग्रेस'' के कार्यक्रम में भाग लेते हुए कही। इस मौके पर रामकुमार सिहाग, बलवन्त तरड़, डॉ. अर्जुन सिंह राणा, एल. सी. चौधरी, रामफल सिहाग, हरज्ञान ख्यालियां, रणधीर बामल, बंसी जागड़ा, मास्टर फुलकुमार आदि अनेक लोग उपस्थित थे।






# सम्पादकीय..........

## नई नीति से इलेक्ट्रिक वाहनों में आएगी नई क्रांति

*इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सरकार की नई नीति के ऐलान से भारत में नई परिवहन क्रांति की संभावनाएं बढ़ गई हैं। नए नियम-शर्तों और रियायतों से ईवी मैन्युफैक्चरिंग की सबसे बड़ी अमरीकी कंपनी टेस्ला और वियतनाम की विनफास्ट समेत दूसरी विदेशी कंपनियों के भारत आने के रास्ते खुल गए हैं। टेस्ला काफी समय से भारत में इलेक्ट्रिक कारों के निर्माण में निवेश के लिए तैयार है, लेकिन उसकी शर्त थी कि पहले उसे भारत में अपनी कारें बेचने की इजाजत दी जाए। सरकार साफ कर चुकी थी कि टेस्ला को अलग से कोई सुविधा नहीं दी जाएगी। नई नीति सभी विदेशी कंपनियों के लिए है। इसमें घरेलू कंपनियों का भी ध्यान रखा गया है। दरअसल, सरकार इलेक्ट्रिक कारों के निर्माण को बढ़ावा देकर भारत को इनका मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना चाहती है। दुनिया के ज्यादातर देश ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए कार्बन उत्सर्जन घटाने के उपायों में जुटे हैं। इसके लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को लोगों की पहुंच में लाने की कोशिश की जा रही है। भारत सरकार की नई ईवी नीति भी इसी कोशिश का हिस्सा है। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार है। पेट्रोल-डीजल के साथ यहां इलेक्ट्रिक कारों का बाजार भी तेजी से फल-फूल रहा है। देश में 2021-22 में 21,163 इलेक्ट्रिक कारें बिकी थीं, जबकि 2022-23 में 154 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ यह संख्या 53,843 हो गई। विदेशी कंपनियां आने के बाद न सिर्फ इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री का ग्राफ ऊपर जाएगा, भारत तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार बनेगा ऐसा अनुमान भी जताया जा रहा है। देश की सड़कों पर इलेक्ट्रिक कारें बढने से एक बड़ा फायदा यह भी होगा कि लगातार बढ़ते तेल आयात पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। चीन में इलेक्ट्रिक कारों के करीब 18 लाख चार्जिंग स्टेशनों के मुकाबले भारत में अभी 12,146 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन हैं। ये सर्वाधिक 3,079 महाराष्ट्र में हैं, जबकि क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़े राज्य राजस्थान में 500 और सर्वाधिक आबादी वाले उत्तर प्रदेश में 582 स्टेशन ही हैं।*

# भ्रांति से आसक्त रह सकता है जीवन

**अध्यात्म**

दो फकीर एक जंगल में यात्रा करते थे, गुरु और शिष्य। बूढ़ा गुरु, युवा शिष्य। युवा शिष्य बहुत हैरान था क्योंकि गुरु बार-बार अपनी झोली में हाथ डालकर कुछ टटोल लेता था। वे एक कुएं पर हाथ-मुंह धोने, थोड़ा विश्राम करने, थोड़ा कलेवा कर लेने को रुके। गुरु पानी भरने लगा। झोला उसने अपने शिष्य को दिया और कहा, जरा संभाल कर रखना! जब गुरु पानी भरने लगा, तो शिष्य ने झांक कर झोले में देखा। सोने की एक ईंट झोले में थी। सब राज खुल गया। उसने ईंट को तो निकाल कर झोले के बाहर कुएं के पास फेंक दिया एक गड्ढे में और उसी वजन का एक पत्थर झोले में रख दिया। जैसे ही निपटे, चलने को आगे बढ़े, गुरु ने जल्दी से झोला वापस ले लिया। अक्सर तो यूं होता था कि झोला शिष्य को ही ढोना पड़ता था। आज गुरु शिष्य पर झोले का बोझ डालने को राजी न था। जल्दी से झोला अपने कंधे पर ले लिया। बाहर से ही टटोल कर देखा- वजन पूरा है, ईंट भीतर है। निश्चिंत हो चलने लगा। फिर बार-बार कहने लगा, रात हुई जाती है। दूर किसी गांव का टिमटिमाता दीया भी दिखाई पड़ता नहीं। जंगल है। अंधेरा है। अमावस है। चोर, लफंगे, लुटेरे- कोई भी दुर्घटना घट सकती है। जब भी गुरु यह कहे, शिष्य हंसे।

आखिर गुरु ने दो मील चलने के बाद पूछा कि तू हंसता क्यों है? शिष्य ने कहा, मैं इसलिए हंसता हूं कि अब आप बिलकुल निश्चिंत हो जाएं। आपकी चिंता का कारण तो मैं कुएं के पास ही फेंक आया हूं। तब घबड़ा कर गुरु ने झोले में हाथ डाला। देखा तो पत्थर था। सोने की ईंट तो जा चुकी थी। क्षण भर को तो सदमा लगा। श्वास ठहरी की ठहरी रह गई होगी। लेकिन फिर बोध भी हुआ। बोध यह हुआ कि दो मील तक झोले में तो पत्थर था, लेकिन मैं यूं मानकर चलता रहा कि सोने की ईंट है, तो मोह बना रहा। जिंदगी भर भी अगर मैं यह मान कर चलता रहता कि सोने की ईंट है, तो मोह बना रहता। मोह ईंट में नहीं था, मेरी भ्रांति में था। मेरी आसक्ति मेरे भीतर थी, बाहर की ईंट में नहीं। जिंदगी भर भी आसक्त रह सकता था, अगर यह भ्रांति बनी रहती कि ईंट सोने की है। झोला वहीं गिरा दिया। खिलखिला कर हंसा। वहीं बैठा रहा। कहा, अब कहां जाना है? अब गांव वगैरह खोजने की कोई जरूरत नहीं। वैसे ही बहुत थके हैं। अब आज रात इसी वृक्ष के नीचे सो रहेंगे। शिष्य ने कहा, अंधेरा है! अमावस है! चोर हैं, लुच्चे हैं, लफंगे हैं, लुटेरे हैं! गुरु ने कहा, रहने दे। अब कुछ भेद नहीं पड़ता। लूटने वाला भी क्या लूटेगा!

# सुण मौल्लड़ की



चुनावों का खर्च दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है।

**लैक्शन ईब अमीर प्रत्याशी अर धनी पार्टी का खेल सै। चन्दा सै धंधा गंदा।**

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** लोग आपके कार्यों की सराहना करेंगे। मित्रों का साथ प्रसन्नता देगा। लम्बी अवधि से अटके कार्य पूरे होंगे।

**वृषभ :** बिखरे कार्यों को समेटने में सफलता मिलेगी। दुविधा की स्थिति से छुटकारा मिलेगा। बातचीत में नरमी बरतें।

**मिथुन :** नए कार्य की शुरूआत लाभकारी रहेगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नए संबंध स्थापित होंगे।

**कर्क :** क्रय-विक्रय के कार्य से जुड़े लोग सावधानी रखें। मन में उदासी बनी रहेगी। फिजूलखर्ची करने से बचें। गाय माता की सेवा करें।

**सिंह :** मन में उत्साह बना रहेगा। उपहार प्राप्त होने की संभावना। पुराने रोगों से छुटकारा मिलेगा।

**कन्या :** परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा। कार्यों में आ रही अड़चने समाप्त होगी। पिता के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**तुला :** राजकीय कार्य में पक्ष मजबूत होगा। पूर्व में किए शुभ कर्मों का फल प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी।

**वृश्चिक :** मन में अनहोनी का भय बना रहेगा। अपनों के व्यवहार से खिन्नता बढ़ेगी। गुस्से पर काबू रखें। दुर्गा माता की पूजा करें।

**धनु :** सांझेदारी के नए कार्य की शुरूआत हो सकती है। प्रभावशाली लोगें का साथ प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर बने रहेंगे।

**मकर :** गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। कार्यस्थल पर कहासुनी का भय रहेगा। मन अशांत रहेगा। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**कुभ :** भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे। योग्यता के बल पर सफलता हासिल कर सकते हैं। प्रियजन से नजदीकी संभव है।

**मीन :** जोखिम के कार्यों से दूर रहें। हृदय रोगी सावधानी बरतें। में अंजाना भय बना रहेगा। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# डी. एन. कॉलेज के जीव विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने किया एक्सपीरियंशियल लर्निंग के तहत मछली पालन केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** दयानन्द महाविद्यालय हिसार के जीव विज्ञान विभाग के बीएससी तृतीय और प्रथम वर्ष के मेडिकल तथा बायोटेक के विद्यार्थियों ने एक्सपीरियंशियल लर्निंग के तहत दिल्ली रोड़ स्थित मछली पालन केंद्र का भ्रमण किया। इस भ्रमण का आयोजन जीव विज्ञान विभाग के विभागाअध्यक्ष डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने किया। भ्रमण से पूर्व प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस भ्रमण से विद्यार्थी मछली पालन से संबंधित बहुत सारी जानकारी हासिल कर सकते हैं जो कि भविष्य में उन्हें बहुत लाभकारी होगी। मछली पालन केंद्र के इंचार्ज श्री सुनील ने विद्यार्थियों को मीठे पानी में पाले जाने वाली विभिन्न मछली की प्रजातियों को दिखाते हुए उनके बारे में जानकारी दी तथा मछली पकड़े जाने वाले जालों को भी दिखाया। मछली प्रजनन की तकनीक व प्रजनन हापा (Hapa) के बारे में विस्तार से बताया और दिखाया। मछली पालन के दौरान विभिन्न प्रकार के तालाबों को किस प्रकार बनाया जाता है और कैसे देखभाल की जाती है, इस बारे पूरी जानकारी विस्तारपूर्वक दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने मछली के बच्चों को किस प्रकार ऑक्सीजनयुक्त प्लास्टिक बैग में आयात किया जाता है, इस बारे भी दिखाया। महाविद्यालय की प्रो. डॉ. मीनाक्षी गुप्ता और डॉ. पूनम देवी ने इस भ्रमण का नेतृत्व बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए किया तथा डॉ. उर्मिला ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए नेतृत्व किया। इसमें लैब असिस्टेंट श्री ललित शर्मा ने भी योगदान दिया। इस भ्रमण से विद्यार्थी भविष्य में अपना मछली पालन उद्योग भी शुरू करने में समर्थ होंगे जो स्वयं रोजगार में उन्हें लाभान्वित करेगा।

**गीता भवन, रामपुरा मौहल्ला में ब्रह्म ज्ञान सत्संग का अंतिम दिन**

# आत्मा को मुक्ति दिलाने के लिए ब्रह्म ज्ञान आवश्यक : गंगेनन्दन महाराज



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा एवं समस्त हरि शरणम परिवार के तत्वाधान में गीता भवन मंदिर, रामपुरा मौहल्ला में चल रहे ब्रह्म ज्ञान सत्संग के अंतिम दिन प्रवचन देते हुए कथा व्यास हिमालय तपस्वी परमहंस गंगेनंदन महाराज ने कहा कि आत्मा को आवागमन के चक्कर से मुक्ति दिलाने के लिए ब्रह्म ज्ञान आवश्यक है। भगत को गुरु मत में रहकर जीवन बिताना चाहिए। गुरसिख सदैव सकारात्मक रहता है, क्योंकि सांसों का कोई भरोसा नहीं है। परमात्मा मुसीबत से अपने भक्तों को बाहर निकाल लेते है। उन्होंने आगे कहा कि मनुष्य को कर्म फल अवश्य भोगना पड़ता है। सतगुरु की सेवा से मन आनंदित होता है और मोह खत्म हो जाता है। सत्संग की समाप्ति पर प्रसाद वितरित किया गया। हरि शरणम परिवार के संयोजक सत्यनारायण शर्मा, एडवोकेट ने बताया कि तीन दिवसीय सत्संग में हिसार के अलावा दूसरे शहरों से भी लोगों ने भाग लेकर धर्म लाभ लिया। इस अवसर पर गीता भवन की प्रधान उषा बक्शी, महामंत्री दयानन्द बंसल, कोषाध्यक्ष गगन ओबरॉय, डॉ. विशाल शर्मा, डॉ. देवेंद्र, रणजीत सिंह, सतीश कुमार, सुनील मेहता, दीपक कुमार, सुभाष कालड़ा, भतेरी देवी, शोभा रानी, आरती, शारदा सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कर्म का मर्म

## स्वतंत्रता का सुख

एक सम्राट गहरी चिंता में डूबा रहता। कहने को तो वह शासक था पर वह अपने को अशक्त, परतंत्र और पराजित अनुभव करता था। एक दिन वह अपनी चिंताओं से पीछा छुड़ाने के लिए बहुत दूर एक जंगल में निकल पड़ा। उसे वहां बांसुरी के स्वर सुनाई पड़े। एक झरने के पास वृक्षों की छाया तले एक युवा चरवाहा बांसुरी बजा रहा था। उसकी भेड़ें पास में ही विश्राम कर रही थीं। सम्राट ने चरवाहे से कहा, तुम तो ऐसे आनंदित हो जैसे तुम्हें कोई साम्राज्य ही मिल गया है। चरवाहे ने कहा, आप ठीक कहते हैं। मैं सम्राट हूं। राजा ने आश्चर्य से पूछा, ऐसा क्या है, जिसके कारण तुम अपने को सम्राट कहते हो? चरवाहा बोला,व्यक्ति संपत्ति और शक्ति के कारण नहीं, स्वतंत्रता के कारण सम्राट होता है। मेरे पास तो कुछ भी नहीं है सिवा स्वयं के। मैं इसे ही अपनी संपदा मानता हूं। सौंदर्य को देखने के लिए मेरे पास आंखें हैं। प्रेम करने के लिए मेरे पास हृदय है। सूर्य जितना प्रकाश मुझे देता है उससे ज्यादा सम्राट को नहीं देता। चंद्रमा जितनी चांदनी मुझ पर बरसाता है उससे ज्यादा सम्राट पर नहीं बरसाता। सुंदर फूल जितने सम्राट के लिए खिलते हैं उतने ही मेरे लिए भी खिलते हैं। सम्राट पेट भर खाता है और तन भर पहनता है। मैं भी वही करता हूं। फिर सम्राट के पास ऐसा क्या है जो मेरे पास नहीं है। मेरे पास तो एक सम्राट से ज्यादा ही कुछ है। मैं जब चाहता हूं संगीत का सुख लेता हूं, जब चाहता हूं सो जाता हूं, जबकि एक सम्राट चाहकर भी ऐसा नहीं कर सकता। सम्राट हतप्रभ हो चरवाहे को देखता रह गया।



# आईडी डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने मैथ्स व कॉमर्स ओलंपियाड में जीते अमूल्य पदक




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** डाबडा रोड स्थित आईडी डीएवी पब्लिक स्कूल (सीनियर सेकेंडरी), हिसार में सिल्वरज़ोन मैथ्स व कॉमर्स ओलंपियाड में छात्रों के बेहतरीन प्रदर्शन पर पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मैथ्स ओलंपियाड में कक्षा छठी के छात्र ऋषभ सिंह रावत ने उल्लेखनीयप्रदर्शन करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया औरद्वितीय स्तर (लेवल-2) कीपरीक्षा में भी अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। इसी क्रम में कक्षा नौवीं की छात्रा साक्षी मुण्ड और दसवीं के छात्र सुमित कुमार नेभी स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इस ओलिंपियाड में जहाँ एक ओर कक्षा नौवीं केछात्र जतिन कुमार एवं दसवीं केछात्र निखिल पुनिया ने रजत पदक पर कब्ज़ा किया वहीं दूसरी ओर कक्षा दसवीं के छात्र ध्रुव छाबड़ा ने कांस्य पदक प्राप्त करके विजेता प्रतिभागियों की सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। कक्षा बारहवीं की छात्रा गौरी अग्रवाल ने कॉमर्स ओलंपियाड में अपनी उत्कृष्ट योग्यता का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर डी.ए.वी. एच आर ज़ोन-ई की क्षेत्रीय सहायक निदेशिका श्रीमती सुनीता बहल ने पदक प्राप्त करने वाले विजेता छात्रों को ढेर सारी शुभकामनाएँ दीं तथा सभी अभिभावकों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई भी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम गर्ग ने भी विजेता छात्रों को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आशीर्वाद दिया और कहा कि वे अधिक उत्साह के साथ भविष्य में भी इस तरह की उपलब्धियों को लगातार बढ़ाते रहेंगे। विद्यालय की मुख्य पर्यवेक्षिका श्रीमती मोनिका शर्मा ने भी विद्यार्थियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए आशीर्वचन भी कहे।

# उत्तम नगर गुरुद्वारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया नया साल गुरु दे नाल महान समागम



**पाठकपक्ष न्यूज**

***हिसार, 18 मार्च :*** *उत्तम नगर स्थित नवां गुरुद्वारा बाबा बंदा बहादर रामदास सर में नया साल गुरु दे नाल महान समागम का आयोजन किया गया। नगर के विभिन्न क्षेत्रों से गुरुघर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने माथा टेककर गुरुवाणी का आनंद लिया। गुरुद्वारा के सेवादार बाबा त्रिलोचन सिंह ने बताया कि प्रातः श्रीसहज पाठ साहब का भोग डाला गया। श्रीसुखमणि साहब का पाठ किया गया। इसके बाद कीर्तन समागम का आयोजन किया गया जिसमें भाई इंद्रजीत सिंह सिरसा वाले व परविंद्र सिंह हिसार वाले ने कीर्तन कर संगत को निहाल कर दिया। दोपहर को अरदास के बाद गुरु का अटूट लंगर चलाया गया।*

# भारत माता मंदिर में धूमधाम से मनाया होली महोत्सव, भजन, नृत्य व फूलों की होली की रही धूम



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** अध्यात्म व देशभक्ति की अलख जगाने वाले भारत माता मंदिर में होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। होली महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन गाते हुए नृत्य करके समां बांध दिया। इस अवसर पर फूलों की होली खेलते हुए सभी श्रद्धालु फूलों से सराबोर हो गए। होली खेलो अवध में रघुबीरा, होली आई-मस्ती लाई व राधा संग होली नंदलाल खेलते सहित अनेक गीतों व भजनों पर श्रद्धालुओं ने खूब नृत्य किया। इस दौरान भारत माता मंदिर के संरक्षक अनिल महता, पुजारी पंडित रामकिशोर शुक्ल, मनोरमा गुप्ता, लता सिंगल, इंदु गोयल, बिमला कथूरिया, मधु बंसल, उमा राजगढ़िया, रेखा अग्रवाल व मीना सिंगल सहित काफी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंदिर के संरक्षक अनिल महता ने बताया कि भारत माता मंदिर सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि आसपास के क्षेत्र में शायद ही भारत माता का मंदिर देखने को मिले। यहां पर समय-समय पर सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

# संत दादू दयाल की वाणी तब भी प्रासंगिक थी और आज भी प्रासंगिक : राधेश्याम रतेरिया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 18 मार्च :** संत दादू दयाल जी महाराज के ब्रह्मर्षि सद्गुरुदेव संत शिरोमणि जगद्गुरु अनंत श्रीमद् दादू दयाल जी महाराज के 480वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर हांसी में श्रद्धालुओं द्वारा उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी वाणी का स्मिरण किया गया। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश श्री दादू सेवक समाज के प्रदेशाध्यक्ष समाजसेवी राधेश्याम रतेरिया ने श्री दादू दयाल जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलयुग में जब निर्गुण, निराकार, परमब्रह्म की उपासना में सथिलता आई तब कुछ संतों ने सगुण साकार परमात्मा की उपासना का प्रचार किया। 16वीं सदी में जब असुरों का प्रताप बढने लगा, हिन्दू-मुस्लमान के पारिस्परिक मतभेदों के कारण उपद्रव बढ़ गए उस समय जब भेद,भ्रान्त, घृणा जैसी असुर गुणों की अत्यधिक वृद्धि हो गई और राजा व प्रजा के बीच असंतोष बढ़ गया, तब देश में भाई चारा कायम करने के लिए निरगुण ब्रह्म की भक्ति द्वारा परमात्मा का साक्षात्कार कराने की आवश्कता पड़ी। उस समय संतादि मुनियों को समर्थ जानकर परमात्मा ने सनक जी को धरती पर भेजने का निश्चय किया। परमात्मा ने सनक जी को अपनी योग शक्ति से बालक रूप बनाकर लोक कल्याणार्थ मध्य भारत के अहमदाबाद निवासी लोधी राम नामक ब्राह्मण के घर भेजा। संत दादू दयाल जी ने 16 वर्ष कठोर तपस्या की और इस संसार को प्रेम एवं भाई-चारा कायम करने का संदेश दिया। उन्होंने निर्गुण भगवान की उपासना पर बल दिया। संत दादूदयाल जी ने अपनी सहज एवं विनम्र वाणी एवं संदेशों के द्वारा तत्कालीन समाज में व्याप्त संघर्ष व जातिगत भेद्भाव का पुरजोर विरोध कर समानता के भाव व्यंजित करने का सुदृढ़ प्रयास किया। उन्होंने एक ऐसे समाज की कल्पना की जो ऊँच नीच की भावना से सर्वथा शून्य हो। उनकी वाणी आज के इस वैश्वीकरण के दौर में भी मानव मात्र को यह संदेश देती प्रतीत होती है कि हमें हर प्रकार के भेदभाव से ऊपर उठकर एक स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु प्रयासरत रहना चाहिए। ऐसे ही उदात्त विचारों के द्वारा संत दादू दयाल की वाणी तब भी प्रासंगिक थी और आज भी प्रासंगिक है।






# रूस-यूक्रेन से युवाओं की वापसी की गारंटी क्यों नहीं लेती सरकार : सैलजा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 18 मार्च :** कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव उत्तराखंड की प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने सवाल किया है कि बात-बात पर गारंटी का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार रूस-यूक्रेन में धोखे से फंसा दिए गए हरियाणा के युवाओं की तत्काल वापसी की गारंटी क्यों नहीं ले रही। आज यहां जारी बयान में कुमारी सैलजा ने भाजपा सरकार व इसके नेताओं की कथनी-करनी में जमीन-आसमान के अंतर पर तीखे कटाक्ष किए।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी से सवाल पूछते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि कैथल-करनाल-अंबाला व हरियाणा के अन्य जिलों के युवा रोजगार की तलाश में भटकते हुए यूक्रेन-रूस रूपी मौत की खाई में फंस गए हैं पर देश-प्रदेश में भाजपा सरकार ने बेबस नौजवानों की घर वापसी से मुंह क्यों मोड़ा हुआ है। कब तक कैथल के सात व हरियाणा के सैकड़ों युवाओं को सुरक्षित घर वापस लाया जाएगा? क्या पीएम व सीएम को मटौर, कलायत निवासी साहिल व रवि की पुकार व उनके पिता बाग सिंह की चीत्कार सुनाई नहीं देती? कुमारी सैलजा ने सवाल दागा-क्या आपने करनाल के हर्ष की मार्मिक अपील नहीं देखी? तीखे तेवरों के साथ भाजपा व इसके सहयोगियों को आईना दिखाते हुए कुमारी सैलजा ने कहा, जब कई महीनों से नौकरी बेचने वाले दलाल हरियाणा के सैकड़ों युवाओं से पैसा वसूल कर विदेशों में धकेल रहे थे, तब तत्कालीन सीएम मनोहर लाल खट्टर व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला क्यों आंखें मूंदे रहे ? मौजूदा मुख्यमंत्री ने तब कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? एक बड़ा मुद्दा उठाते हुए कुमारी सैलजा ने कहा है कि इनमें से दर्जनों बच्चे पूर्व सीएम के विधानसभा क्षेत्र और मौजूदा सीएम के लोकसभा क्षेत्र से संबंधित हैं, फिर भी युवाओं को भगवान भरोसे क्यों छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि क्या मोदी सरकार ने रूस के राजदूत को विदेश मंत्रालय या प्रधानमंत्री कार्यालय में बुला कर युवाओं की घर वापसी की हिदायत दी? सच तो ये है कि कुछ नहीं किया गया। ऐसी जानलेवा लापरवाही क्यों? कुमारी सैलजा ने पूछा,क्या कारण है कि देश के प्रधानमंत्री पांच मिनट का समय निकालकर रूस के राष्ट्रपति पुतिन से बात नहीं कर सकते? क्या कारण है कि हरियाणा की भाजपा सरकार व सीएम आज तक ये गुहार लेकर पीएमओ के पास नहीं गए? उन्होंने कहा कि क्या कारण है कि कुरुक्षेत्र सांसद नायब सैनी व करनाल सांसद संजय भाटिया को युवाओं की वापसी के प्रयासों के लिए समय ही नहीं मिल रहा?

# 5 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी हरियाणा कांग्रेस पार्टी : सलीम सुलखनी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** हरियाणा कांग्रेस पार्टी हिसार, सिरसा, भिवानी, रोहतक व सोनीपत सीटों पर पार्टी समर्पित उम्मीदवार उतारकर उन्हें अपना पूर्ण समर्थन देगी। यह जानकारी पूर्व में हिसार से लोकसभा प्रत्याशी रहे सलीम सुलखनी ने आज एक प्रेस कांफ्रेंस में दी। सुलखनी ने बताया कि उन्होंने गत 6 मार्च को ही हरियाणा कांग्रेस पार्टी के गठन की घोषणा की गई थी जो कि अंडर प्रोसेस है जिसके चलते पार्टी अभी चुनाव में अपने उम्मीदवार नहीं उतार सकती। लोकसभा चुनावों की घोषणा के चलते अब पार्टी उपरोक्त पांच सीटों पर पार्टी के प्रति समर्पित उम्मीदवारों को अपना समर्थन देगी।

सुलखनी ने बताया कि हरियाणा कांग्रेस पार्टी के गठन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के लोगों के सामने एक नया विकल्प रखने का है। हरियाणा की राजनीति में परिवारवाद हावी है और लंबे समय से चुनिंदा पार्टियां ही प्रदेश की राजनीति को निर्धारित कर रही हैं। हरियाणा कांग्रेस पार्टी प्रदेश के लोगों के सामने बदलाव व विकल्प का जरिया बनेगी। सुलखनी ने कहा कि वर्तमान में राजनीतिक पार्टियां मुख्य मुद्दों बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, विकास आदि को छोड़कर धर्म, जाति, सम्प्रदाय के नाम पर लोगों को भ्रमित कर रही है। सुलखनी ने कहा कि हरियाणा कांग्रेस पार्टी का एकमात्र उद्देश्य जनता की भलाई व देश की तरक्की का रहेगा। यह जनता के लिए जनता की पार्टी है।

सलीम सुलखनी ने कहा कि वर्तमान में मुख्य मुद्दे बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार व किसानों की समस्या है। प्रदेश के काबिल युवा नौकरी के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। सेना में अग्निवीरों की नियुक्ति करके मात्र 4 वर्षों तक उन्हें सेवा में रखकर फिर से नौजवानों को बेरोजगारी की दल-दल में भेज दिया जाएगा। कौशल रोजगार व ग्रुप-सी-डी के नाम पर पढ़े-लिखे काबिल युवाओं के साथ सरकार भद्दा मजाक कर रही है। महंगाई चरम पर है, आए दिन किसी न किसी विभाग का घोटाला सामने आ रहा है। प्रेस कांफ्रेंस में सलीम सुलखनी के अलावा होशियार खान पूर्व प्रधान, नसीब गोहाना, अनिल लीतानी, रामनवाज टोहाना, जय सिंह राजली, कुलबीर सिंह, शकुर खान, राजेंद्र खान, मोदी, बनी सिंह, जाकिर हुसैन, शमशेर जींद, अजीत जींद, परवेज खान आदि भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस भवन में हुई विमुक्त घुमंतू जनजाति ईकाई की बैठक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** कांग्रेस पार्टी मुख्यालय कांग्रेस भवन हिसार में कांग्रेस पार्टी की इकाई D.N.T (विमुक्त घुमंतू जनजाति) की लोकसभा हिसार की संगठन संबंधित बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए, जिसमें खासकर ग्रामीण क्षेत्र से काफी लोग कार्यक्रम में पहुचे। इसमें D.N.T से संबंधित बहुत से मुख्य मुद्दों पर गहनता से चर्चा हुई। D.N.T समाज के लोगो ने कांग्रेस पार्टी में आस्था व्यक्त की अबकी बार एक एक वोट कांग्रेस पार्टी को देने का प्रण लिया। कांग्रेस पार्टी समाज के हर वर्ग के हक अधिकारों को दिलवाने व उनकी हर क्षेत्र में उचित भागेदारी को सुनिश्चित करने के प्रति कटिबद्ध है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकसभा हिसार प्रभारी एआईसीसी कांति लाल बावरवा, एआईसीसी पर्वक्षक प्रवेश त्यागी, अजमेर नायक पूर्व चेयरमैन डीएनटी, शेर सिंह नायक सुरेश बाल्मीकि, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कृष्णा दुग्गल, सुमन नायक, गीता, किरण, जगदीश, भूप सिंह ओड, राजकुमार नायक, नाथा नायक, सन्तराम, बलबीर, रामनिवास नायक, कमलेश नायक आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दादी गौरी मंदिर, डाया में नि:शुल्क दंत जांच शिविर, 75 लोगों ने जांच कराई

## धूम्रपान व तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणाम से लोगों को किया जागरुक




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** निकटवर्ती गांव डाया स्थित दादी गौरी मंदिर में रविवार को निःशुल्क दंत जांच शिविर लगाया गया। इसमें मॉडल टाउन, हिसार स्थित प्रिशा-डॉ. प्रिंस ढींगड़ा सुपरस्पेशलिटी दांतों के अस्पताल और ब्रेसेज़ सेंटर के डॉ. प्रिंस ढींगड़ा और डॉ. अलीशा रेवाड़ी ढींगड़ा ने उपस्थित 75 श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के दांतों की निःशुल्क जांच की। उन्हें ब्रश करने का सही तरीका बताया और साथ में धूम्रपान व तम्बाकू सेवन करने के दुष्परिणाम बताये और मुख स्वास्थ्य के बारे में जागरुक किया। लोगों को बताया कि शरीर के अन्य अंगों की तरह दांतों की देखभाल भी अत्यंत जरुरी है। इस मौके पर गांव डाया के सरपंच मुकेश और दादी गौरी मंदिर ट्रस्ट, डाया के प्रधान बलबीर सिंह, धर्मपाल, बिट्टू, सतबीर सिंह, कैलाश चंद्र, सुरेश कुमार, शमशेर सिंह, पवन, कश्मीर सिंह, सुरेश ड्राइवर और अन्य पदाधिकारी व ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# नरेश जांगड़ा को श्रमिक कल्याण बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त जाने पर बरवाला विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर की



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** गांव लाडवा निवासी नरेश जांगड़ा को श्रमिक कल्याण बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। कुलदीप बिश्नोई के करीबी नरेश जांगड़ा को चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर बरवाला विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर की। विधानसभा के कई गांवों में ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से अभिनंदन किया। प्रैस से बातचीत में नरेश जांगड़ा ने कहा कि वह श्रमिकों के कल्याण के लिए सभी से सुझाव लेंगे। श्रमिकों की ओर से मिले सुझावों को लागू करने का प्रयास किया जाएगा। श्रमिकों की पंजीकरण की समस्या के निदान के लिए काम किया जाएगा। नरेश जांगड़ा ने अपनी नियुक्ति पर पूर्व सीएम मनोहरलाल, सीएम नायब सैनी, पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई, आदमपुर विधायक भव्य बिश्नोई, भाजपा प्रदेश महासचिव सुरेंद्र पूनिया व जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ का आभार जताया। नरेश जांगड़ा भाजपा में ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष के तौर काम कर रहे हैं। वह पहले हजकां में विभिन्न पदों पर रहे हैं। कुलदीप बिश्नोई के साथ भाजपा में शामिल हुए थे। जांगिड सभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री नरेश जांगडा शुरू से ही सामाजिक कार्यों से जुड़े हैं। लोक निर्माण एनजीओ के माध्यम से कन्या भ्रूण हत्या, रक्तदान, पौधरोपण सहित अन्य सामाजिक कार्यों में विशेष काम किया।

# हॉकी इंडिया सीनियर महिला नैशनल हॉकी चैम्पियनशिप पुडुचेरी को 22-0 से पछाड़ कर हरियाणा पूल 'डी' में शीर्ष स्थान पर

## जीत में हिसार की खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला नैशनल हॉकी चैम्पियनशिप में हरियाणा अपना विजय अभियान जारी रखे हुए है। मेजर ध्यान चंद हॉकी स्टेडियम पिम्परी पुणे (महाराष्ट्र) में जारी इस चैम्पियनशिप के पूल 'डी' के खेले गए दूसरे मैच में गत दिवस हरियाणा ने पुडुचेरी को एक तरफा मैच में 22-0 से पछाड़ कर अगले चक्र में प्रवेश पाया। पूल 'डी' में हरियाणा अपना शीर्ष स्थान बनाए हुए है। इससे पूर्व पहले मैच में हरियाणा की टीम ने हॉकी असम को 15-0 से हराया था। यह जानकारी हॉकी हरियाणा के वाईस प्रैसिडेंट सुनील मलिक ने आज दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुडुचेरी के खिलाफ खेले गए मैच में हिसार की खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। खेल शुरू होने के दूसरे मिनट में ही नवनीत कौर ने पहला गोल करके हरियाणा के लिए अपना खाता खोला। उसके बाद तो हरियाणा की खिलाड़ियों ने गोल करने की झड़ी लगा दी। पुडुचेरी के खिलाफ खेला गया हरियाणा का यह मैच एक तरफा रहा। पूरे मैच के दौरान पुडुचेरी के खिलाड़ी डिफेंस पर ही खेलते नजर आए। जसप्रीत कौर टीम के मैनेजर जबकि आजाद सिंह मलिक कोच और दिलबाग सिंह सहायक कोच के रूप में हरियाणा महिला टीम के साथ पुणे गए हुए हैं। हरियाणा की ओर किए गए गोल की बात करें तो हिसार की दीपिका ने 6 गोल किए। इसके अतिरिक्त मोनिका ने 3 गोल, हिसार की शर्मिला ने 3 गोल, नेहा ने 1 गोल, हिसार की नीलम ने 3 गोल, नवनीत ने 3 गोल, ज्योति ने 2 गोल और हिसार की उदिता ने हरियाणा के लिए 1 गोल करके टीम को बड़ी जीत दिलवाई।

# आत्मा और ऊर्जा का संगम है ऊर्जा ध्यान : आचार्य गगन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ हिसार द्वारा कौशिक नगर स्थित ध्यान साधना केंद्र में आचार्य गगन के नेतृत्व में ऊर्जा ध्यान करवाया। उन्होंने बताया कि ध्यान एक प्रणाली है जिसे मानव शरीर, मन और आत्मा के संतुलन को बनाए रखने के लिए किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुधारना होता है। ऊर्जा ध्यान के द्वारा व्यक्ति अपने अंतर्मन को शांत और स्थिर करता है। यह ध्यान केंद्रित होता है और सभी विचारों को शांत करके ऊर्जा के संचार को अनुभव करने का तरीका सिखाता है। ऊर्जा ध्यान के दौरान, व्यक्ति अपने शारीरिक ऊर्जा के प्रवाह को सुधारता है और अपने मन को एकाग्र करता है। यह विभिन्न ध्यान तकनीकों का उपयोग करता है, जैसे कि अंग-संधाना, प्राणायाम और मंत्र जप। ऊर्जा ध्यान के अनेक प्रकार हो सकते हैं, जैसे कि प्राणायाम, चक्र ध्यान, रेकी और योग। ये सभी तकनीकें विभिन्न प्रकार की ऊर्जा को संतुलित करने और बढ़ाने में मदद करती हैं। सम्पूर्ण रुप से, ऊर्जा ध्यान व्यक्ति को उसकी आत्मा और प्राणिक ऊर्जा के साथ एक संवादात्मक अनुभव में ले जाता है, जिससे उसका जीवन एक नई गहराई और सार्थकता की दिशा में विकसित होता है। ऊर्जा ध्यान का अभ्यास करने से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक संतुलन बना रहता है। यह ध्यान कार्यक्रम के द्वारा स्वयं को एक प्राकृतिक और स्थिर अवस्था में लाने में मदद करता है, जिससे व्यक्ति अधिक शांति, सकारात्मकता और संतुलन महसूस करता है। ध्यान के बाद ओशोधारा हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष ने हमारे जीवन ध्यान के महत्व पर विस्तार से बताते हुए ओशोधारा के कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। हर घर ध्यान के उद्देश्य को पूरा करने के लिए ओशोधारा हर सप्ताह पूरे देश में अलग-अलग जगहों पर ध्यान योग के 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करता है। इसी कड़ी में 29 से 31 मार्च को हिसार में तीन ध्यान योग के कार्यक्रम रखें हैं जिसमें से 2 हिसार शहर में और एक हांसी में और पूरे देश में 30 से अधिक कार्यक्रम होंगे। ओशोधारा के साधना केंद्र कौशिक नगर हिसार पर हर रविवार सुबह 8 से 10 बजे तक ध्यान का सेशन सभी के लिए निःशुल्क है।

# इतनी कृपा सांवरे बनाये रखना....

## बीड़ बबरान धाम में धूमधाम से मनाया गया बबरान नरेश प्रकटोत्सव



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** श्री श्याम बाबा मंदिर ट्रस्ट बीड़ बबरान के तत्वाधान में 51वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव के अंतिम दिन हजारों भक्तों ने दिन भर चले कार्यक्रम का आनंद लिया। धाम के महंत व श्याम भक्त पंडित विनोद शर्मा व निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि सुबह बबरान नरेश का महाभिषेक किया गया तत्पश्चात श्याम मंगल ज्योति महायज्ञ किया गया। अनेक भक्तों ने इन कार्यक्रमों में भाग लिया। इसके बाद श्याम संकीर्तन किया गया जिसमें गायकारों ने एक के बाद एक भजन गाकर ऐसा समां बांध कि श्रद्धालु घण्टों तक झूमते रहे। जयपुर के भजन गायक संजय पारीक, दिल्ली की टीना वर्मा, फतेहाबाद के अमित मुंजाल, आदमपुर के सुनील डाया, हिसार के विकास बागड़ी व हितेश गोयल आदि ने श्याम बाबा का गुणगान किया। गाये गए भजनों में सांसों में श्याम तुम ही बसते हो...., मेरे श्याम धनी की जिस घर में...., हमारी दौलत है खाटू वाला, हमारी शोहरत है खाटू वाला...., इतनी कृपा सांवरे बनाये रखना ...., म्हारे सिर पर घुमा दे थारी मोरछड़ी...., तुम न सुनोगे तो कौन सुनेगा... आदि शामिल रहे।

धाम के प्रधान शिव कुमार सिंगल ने बताया कि महोत्सव के अंतिम दिन संकीर्तन में विधायक डॉ. कमल गुप्ता, रणबीर गंगवा व भाजपा नेता तरुण जैन ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लेकर पूजा-अर्चना की। हिसार व आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे हजारों भक्तों ने श्याम बाबा के मंदिर में माथा टेककर प्रसाद ग्रहण किया। श्याम कीर्तन के समापन पर श्याम रसोई से विशाल भंडारा चलाया गया।


# ओ.एस.जी.यू. में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का समापन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय, अल-तकवा विश्वविद्यालय, जलालाबाद, अफगानिस्तान तथा इ.एन.इ.अ. रिसर्च सेंटर, ट्राइसैन इटली राष्ट्रीय स्तर के तत्वाधान में 'बेहतरीन भविष्य के लिए डिजिटल युग में इंजीनियरिंग वाणिज्य, प्रबंधन और आतिथ्य प्रबंधन में उभरते रुझान' विषय पर ऑफलाइन व ऑनलाइन माध्यम से अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस रखी गई जिसका भव्य समापन 17 मार्च रविवार को हुआ। विश्विद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने इस प्रोग्राम के सभी शोधार्थियों को बधाई दी। यह कॉन्फ्रेंस दो दिन( 16 मार्च और 17 मार्च) तक चली, जिसमें अलग अलग देशों से विशेषज्ञों द्वारा संबंधित विषयों पर चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में डॉ वी. के. शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक (डिवीजन ऑफ बायो एनर्जी, बायो रिफाइनरी एंड ग्रीन केमिस्ट्री, इ.एन.इ.अ. रिसर्च सेंटर, ट्राइसैन इटली ) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने टेक्नोलॉजी का महत्व समझाते हुए कहा की टेक्नोलॉजी हम सब के लिए काफी फायदेमंद है,पर कई लोग इसका गलत इस्तमाल करते है, जोकि खास कर युवाओं के लिए नुकसान दायक है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक ने इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की खुशी व्यक्त की व प्रति-कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर ने मुख्य अतिथि और नेपाल व अफगानिस्तान के विश्वविद्यालय प्रबंधन का धन्यवाद किया, इसी के साथ ओ.एस.जी.यू प्रबंधन और ऑनलाइन माध्यम से जुड़े अन्य विश्वविद्यालय को इस सफल कॉन्फ्रेंस के लिए बधाई दी। यह कॉन्फ्रेंस 2 जगह ऑनलाइन माध्यम से चली जिसमे सत्र के चेयरपर्सन डॉ सुनील ठाकुर, डॉ अमित नांदल, डॉ सीमा घनघस और डॉ राजीव कुमार रहे। कॉन्फ्रेंस में अंतरराष्ट्रीय शोधार्थियों सहित कुल 106 शोधार्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से 73 और ऑफलाइन माध्यम से 33 शोधार्थियों ने अपने रिसर्च पेपर को प्रस्तुत किया, जिसमें से राजेश पूनिया, (कॉमर्स एंड मैनेजमेंट विभाग) और संजीव कुमार (इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग) के पेपर को सर्वश्रेष्ठ रिसर्च पेपर का स्थान प्राप्त हुआ। सर्वश्रेष्ठ रिसर्च पेपर प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया और अन्य प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र दिए गए। कॉन्फ्रेंस के अंतिम पड़ाव में डॉ कुलदीप सिंह ने अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथि, देश विदेश से जुड़े शोधकर्ता, ऑनलाइन माध्यम से जुड़े विश्वविद्यालय प्रबंधन और उपस्थित सभी शिक्षको का धन्यवाद किया। यह कॉन्फ्रेंस कॉमर्स विभाग, इंजीनियरिंग विभाग, हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट विभाग द्वारा करवाया गया। मंच का संचालन डॉ. ट्विंकल ने किया।

# कैसे और क्यों हो जाती है आपकी सोच नकारात्मक?



**-पाठकपक्ष डेस्क-**

वर्तमानकाल में अधिकतर लोगों की सोच नकारात्मक हो चली है। इसके पीछे कई राजनीतिक, सामाजिक और रहन-सहन में परिवर्तन के कारण भी हो सकते हैं। यह भी हो सकता है कि कोई व्यक्ति बचपन से ही गलत लोगों के साथ रहा हो या बाद में उसकी संगति गलत लोगों की हो गई हो। कई बार फिल्में, वेब सीरीज या साहित्य की किताबें भी हमारी सोच को दूषित कर देते हैं। इस तरह सोचो तो सोच के नकारात्मक होने के कई कारण हो सकते हैं। आओ जानते हैं कि क्या है इसका मनोवैज्ञानिक कारण।

**इनर और आउटर :** वैज्ञानिक कहते हैं मानव मस्तिष्क में 24 घंटे में लगभग हजारों विचार आते हैं। उनमें से ज्यादातर नकारात्मक होते हैं। नकारात्मक विचार इसलिए अधिक होते हैं कि जब हम कोई नकारात्मक घटना देखते हैं जिसमें भय, राग, द्वैष, सेक्स आदि हो तो वह घटना या विचार हमारे चित्त की इनर मेमोरी में सीधा चला जाता है जबकि कई अच्छी बातें हमारे चित्त की आउटर मेमोरी में ही घुम-फिरकर दम तोड़ देती है।

दो तरह की मेमोरी होती है- इनर और आउटर। इनर मेमोरी में वह डाटा सेव हो जाता है, जिसका आपके मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव पड़ा है और फिर वह डाटा कभी नहीं मिटता। रात को सोते समय इनर मेमोरी सक्रिय रहती है और सुबह-सुबह उठते वक्त भी इनर मेमोरी जागी हुई होती है। अपनी इनर मेमोरी अर्थात चित्त से व्यर्थ और नकारात्मक डाटा को हटाओ और सेहत, सफलता, खुशी और शांति की ओर एक-एक कदम बढ़ाओ।

आपको याद होगा कि आपको अपने बचपन की सिर्फ वही बातें याद होंगी जिसमें आपकी जमकर मार पड़ी होगी या कोई दु:खद घटना घटी होगी। हो सकता है कि आपने किसी चीज के लिए अपने मम्मी पापा से बहुत ज्यादा जीद की होगी तभी वह मिली होगी तो ऐसी बातें भी याद रह जाती है। दरअसल, हमारा मन दुख: भरी बातें ग्रहण करने में देर नहीं करता परंतु सुखभरी बातों में से अधिकतर तो हम भूल ही जाते हैं।

**घटनाएं प्रभावित करती हैं :** इसीलिए दुनिया में युद्ध की बातें सभी करते हैं और इतिहास भी भरापड़ा है युद्ध की गाथाओं से। परंतु यह बहुत ही कम लोग जानते हैं या बताया जाता है कि इतिहास में युद्ध, प्रेम के अलावा भी बहुत कुछ होता है। कोई व्यक्ति किस तरह सुखी हो गया या कैसे सकारात्मक हो गया यह कम ही पढ़ने को मिलता है।

वैज्ञानिक कहते हैं कि हमारा मन दिन और रात के विशेष समय में अन्य समय की अपेक्षा अधिक ग्रहण करने की क्षमता रखता है। इसके अलावा हमारा मन उस समय भी ज्यादा सक्रिय होता है जबकि कोई विपत्त आई हुई हो या कोई बहुत बड़ी खुशी की बात हो। जैसे जब लॉकडाऊन लगा था तो संपूर्ण देश की चेतना जागृत हो गई थी कि अब क्या होगा। कोरोनाकाल संकट का काल है तो इसकी याददाश्त तो सभी को बहुत समय तक रहेगी ही। इसी तरह जब दो देशों के बीच युद्ध हो जाते हैं तब भी सभी की चेतना जागृत हो जाती है। अर्थात यह की हमारे मन को हमारे जीवन में आई बड़ी घटनाएं प्रभावित करती है।

**कैसे बन जाता है व्यक्ति दुखी और रोगी :** जो भी विचार निरंतर आ रहा है वह धारणा का रूप धर लेता है। अर्थात वह हमारी इनर मेमोरी में चला जाता है। आपके आसपास बुरे घटनाक्रम घटे हैं और आप उसको बार-बार याद करते हैं तो वह याद धारणा बनकर चित्त में स्थाई रूप ले लेगी। बुरे विचार या घटनाक्रम को बार-बार याद न करें।

विचार ही वस्तु बन जाते हैं। इसका सीधा-सा मतलब यह है कि हम जैसा सोचते हैं वैसे ही भविष्य का निर्माण करते हैं। यदि आपको अपनी सेहत को लेकर भय है, सफलता को लेकर संदेह है और आप विश्वास खो चुके हैं तो समझ जाएं की चित्त रोगी हो गया है। किसी व्यक्ति के जीवन में बुरे घटनाक्रम बार-बार सामने आ जाते हैं तो इसका सीधा सा कारण है वह अपने अतीत के बारे में हद से ज्यादा विचार कर रहा है। बहुत से लोग डरे रहते हैं इस बात से कि कहीं मुझे भी वह रोग न हो जाए या कहीं मेरे साथ भी ऐसा न हो जाए....आदि। सोचे सिर्फ वर्तमान को सुधारने के बारे में।

**कैसे होगा यह संभव :** योग के तीन अंग ईश्वर प्राणिधान, स्वाध्याय और धारणा से होगा यह संभव। जैसा कि हमने उपर लिखा की इनर और आउटर मेमोरी होती है। इनर मेमोरी रात को सोते वक्त और सुबह उठते वक्त सक्रिय रही है उस वक्त वह दिनभर के घटनाक्रम, विचार आदि से महत्वपूर्ण डाडा को सेव करती है। इसीलिए सभी धर्म ने उस वक्त को ईश्वर प्रार्थना के लिऋनियुक्त किया है ताकि तुम वह सोचकर सो जाए और वही सोचकर उठो जो शुभ है। इसीलिए योग में ईश्वर प्राणिधान का महत्व है।

संधिकाल अर्थात जब सूर्य उदय होने वाला होता है और जब सूर्य अस्त हो जाता है तो उक्त दो वक्त को संधिकाल कहते हैं- ऐसी दिन और रात में मिलाकर कुल आठ संधिकाल होते हैं। उस वक्त हिंदू धर्म और योग में प्रार्थना या संध्यावंन का महत्व बताया गया है। फिर भी प्रात: और शाम की संधि सभी के लिए महत्वपूर्ण है जबकि हमारी इनर मेमोरी सक्रिय रहती है। ऐसे वक्त जबकि पक्षी अपने घर को लौट रहे होते हैं...संध्यावंदन करते हुए अच्छे विचारों पर सोचना चाहिए। जैसे की मैं सेहतमंद बना रहना चाहता हूं।

**ईश्वर प्राणिधान :** सिर्फ एक ही ईश्वर है जिसे ब्रह्म या परमेश्वर कहा गया है। इसके अलावा और कोई दूसरा ईश्वर नहीं है। ईश्वर निराकार है यही अद्वैत सत्य है। ईश्वर प्राणिधान का अर्थ है, ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण। ईश्वर के प्रति पूर्ण विश्वास। न देवी, न देवता, न पीर और न ही गुरु घंटाल।

एक ही ईश्वर के प्रति अडिग रहने वाले के मन में दृढ़ता आती है। यह दृढ़ता ही उसकी जीत का कारण है। चाहे सुख हो या घोर दु:ख, उसके प्रति अपनी आस्था को डिगाएँ नहीं। इससे आपके भीतर पाँचों इंद्रियों में एकजुटता आएगी और लक्ष्य को भेदने की ताकत बढ़ेगी। वे लोग जो अपनी आस्था बदलते रहते हैं, भीतर से कमजोर होते जाते हैं। विश्वास रखें सिर्फ ईश्वर में, इससे बिखरी हुई सोच को एक नई दिशा मिलेगी। और जब आपकी सोच सिर्फ एक ही दिशा में बहने लगेगी तो वह धारणा का रूप धर लेगी और फिर आप सोचे अपने बारे में सिर्फ अच्छा और सिर्फ अच्छा। ईश्वर आपकी मनोकामना अवश्य पूरी करेगा।

**स्वाध्याय :** स्वाध्याय का अर्थ है स्वयं का अध्ययन करना। अच्छे विचारों का अध्ययन करना और इस अध्ययन का अभ्यास करना। आप स्वयं के ज्ञान, कर्म और व्यवहार की समीक्षा करते हुए पढ़ें, वह सब कुछ जिससे आपके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता हो साथ ही आपको इससे खुशी भी मिलती हो। तो बेहतर किताबों को अपना मित्र बनाएं। जीवन को नई दिशा देने की शुरुआत आप छोटे-छोटे संकल्प से कर सकते हैं। संकल्प लें कि आज से मैं बदल दूँगा वह सब कुछ जिसे बदलने के लिए मैं न जाने कब से सोच रहा हूँ। अच्छा सोचना और महसूस करना स्वाध्याय की पहली शर्त है।

**धारणा से पाएं मनचाही सेहत, खुशी और सफलता :** जो विचार धीरे-धीरे जाने-अनजाने दृढ़ होने लगते हैं वह धारणा का रूप धर लेते हैं। यह भी कि श्वास-प्रश्वास के मंद व शांत होने पर, इंद्रियों के विषयों से हटने पर, मन अपने आप स्थिर होकर शरीर के अंतर्गत किसी स्थान विशेष में स्थिर हो जाता है तो ऊर्जा का बहाव भी एक ही दिशा में होता है। ऐसे चित्त की शक्ति बढ़ जाती है, फिर वह जो भी सोचता है वह घटित होने लगता है। जो लोग दृढ़ निश्चयी होते हैं, अनजाने में ही उनकी भी धारणा पुष्ट होने लगती है।

## ब्रेकफास्ट के लिए हेल्दी ऑप्शन है रोस्टेड ब्रोकली, 10 मिनट में हो जाएगी तैयार



**-पाठकपक्ष डेस्क-**

ब्रेकफास्ट के कई ऑप्शन उपलब्ध रहते हैं। ऐसे में अगर आप कुछ टेस्टी के साथ हेल्दी ऑप्शन की भी तलाश कर रहे हैं, तो हम आपको बता रहे हैं एक ऐसी डिश, जो टेस्टी होने के साथ हेल्दी भी है।

सामग्री-

250 ग्राम ब्रोकली

काली मिर्च पाउडर

2 चम्मच भूनी हुई मूंगफली

2 चम्मच रिफाइन्ड तेल

1 लहसुन की कली

2 लाल मिर्च

नमक स्वादानुसार

विधि-

ब्रोकली के छोटे-छोटे फूल काट लें। उसमें अदरक और लाल मिर्च डाल दें। एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें कटा हुआ अदरक डालकर छौंक लगाएं।

अब इसमें कटा हुआ ब्रोकली, लाल मिर्च डालें और नमक डाल दें। इसे तब तक फ्राई करें जब तक ब्रोकली हल्की पक न जाए। फ्लेम को हाई रखें ताकि ब्रोकली क्रंची बनी रहे। रोस्टेड मूंगफली को इसमें जालकर चलाएं और काली मिर्च मिला लें। इसे गर्मागर्म सर्व करें।

## फटे दूध से बनाएं हलवाई जैसा टेस्टी कलाकंद

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

त्योहार का मौसम हो या फिर खाना खाने के बाद कुछ मीठा खाने का मन, मिठाई हर घर में मौजूद होती है। आज आपको एक ऐसी मिठाई के बारे में बताते हैं जो बड़ी आसानी से फटे दूध से घर पर बनाई जा सकती है। जी हां और इस मिठाई का नाम है कलाकंद।

**कलाकंद बनाने के लिए सामग्री-**

-3 कप फटा हुआ दूध

-2 कप फ्रेश दूध

-4-5 चम्मच शक्कर

-2 चम्मच घी या मक्खन

-2-3 छोटे चम्मच इलाइची पाउडर

-गार्निश करने के लिए रोस्टेड काजू

**कलाकंद बनाने की विधि-**

कलाकंद बनाने के लिए सबसे पहले फटा हुआ दूध गर्म कर उसमें से छेना निकालकर एक्स्ट्रा पानी हटा दें। अब एक दूसरे पैन में फ्रेश दूध को उबालकर इसमें छेना डालकर लगातार चलाते रहें। जब ये थोड़ा गाढ़ा हो जाए तो इसमें घी, शक्कर, इलाइची पाउडर डालकर अच्छे से चलाएं। अब इसे किसी ग्रीस की हुई प्लेट में डाल दें। इसमें काजू आदि मिलाएं और इसे कुछ घंटों के लिए सेट होने के लिए रख दें।

## क्या आप भी दांतों के पीलेपन से परेशान हैं? तो अपनाएं सेब के सिरके का ये कारगर नुस्खा



**-पाठकपक्ष डेस्क-**

क्या आपके दांतों में भी पीलेपन की समस्या रहती है, जिस वजह से किसी से बात करते हुए आपके आत्मविश्वास में कमी आती है? अगर हां, तो जरूरी है कि इस समस्या से निजात पाएं। हम आपके लिए लाए हैं दांतों के पीलेपन से छूटकारा पाने का कारगर नुस्खा। आइए जानें -

सेब के सिरके के बारे में आपने जरूर सुना होगा। वैसे तो इसके कई आश्चर्यजनक फायदे है, लेकिन फिलहाल बात करते हैं कि कैसे ये आपके दांतों का पीलापन हटा सकता है।

कपूर के तेल के ये 8 जादुई फायदे जानकर रह जाएंगे दंग

* सेब का सिरका गहराई और कोमलता के साथ आपके दांतों की आंतरिक सफाई करने में सक्षम होता है।

* इससे आपके अम्लीयता होने पर भी पीएच की समानता बनी रहती है, और दांत पहले से अधिक साफ, सफेद और चमकदार दिखाई देते हैं।

* इतना ही नहीं, यह आपके मसूढ़ों को भी स्वस्थ रखने में मदद करता है।

* इस सिरके से अपने दांत चमकाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं है। बस लगभग एक कप पानी में आधा चम्मच सेब का सिरका लें और अपने टूथब्रश की सहायता से दांतों पर इससे तब तक ब्रश करें, जब तक आपके दांत पूरी तरह से साफ न हो जाएं। दांतों के दाग हटने के साथ ही धीरे-धीरे आपके दांतों पर चमक भी आ जाएगी।

लेकिन इसे इस्तेमाल करने से पहले आपको कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना होगा। जानिए कौन-सी हैं वे बातें -

1 सेब का सिरका इस्तेमाल करते समय बॉटल को अच्छी तरह से हिलाएं, तभी इस्तेमाल करें।

2 बगैर पानी में घोले इसका इस्तेमाल करना हानिकारक हो सकता है, क्योंकि यह प्राकृतिक अम्ल है।

3 इसका अत्यधिक प्रयोग करने से परहेज करें, साथ ही दिन में एक बार से ज्यादा इसका इस्तेमाल न करें। अन्यथा यह आपके दांतों की सतह को नुकसान पहुंचा सकता है।

## चौड़े कंधों को स्लिम दिखाने के लिए इन पांच बेसिक टिप्स को फॉलो करके खरीदें आउटफिट



**-पाठकपक्ष डेस्क-**

खूबसूरत दिखने के लिए सबसे जरूरी है कि सबसे पहले खुद को खूबसूरत मानते हुए कॉन्फिडेंस के साथ नए-नए स्टाइल कैरी करना। वहीं, दूसरे नम्बर पर आता है बॉडी टाइप के हिसाब से कपड़े चुनना। कभी-कभी ऐसा होता है कि हम कपड़ों के सेलेक्शन को लेकर कुछ बेसिक बातों का ध्यान नहीं रखते जिससे अच्छे से अच्छे आउटफिट भी हमारे स्टाइल के साथ मैच नहीं हो पाते। जैसे, कई ड्रेसेस ऐसी होती हैं जो हमें परफेक्टली फिट तो हो जाती है लेकिन उसमें हमारा शरीर कुछ मोटा या फिर कंधे चौड़े लगने लगते हैं। आज हम आपको ऐसे ही टिप्स दे रहे हैं जिसे फॉलो करके आपके कंधे चौड़े नहीं बल्कि स्लिम नजर आएंगे।

**स्ट्रेट की बजाए घेर वाले लोअर चुनें**

स्ट्रेट कट वाली स्कर्ट या टाइट फिटिंग वाली जींस की जगह घेरेदार स्कर्ट या थाड़ी ढीली-ढाली जींस पहनें। ऐसा करने से लोगों का सारा ध्यान शरीर के ऊपरी हिस्से के मुकाबले निचले हिस्से पर जाएगा। आपको ऐसे कपड़ों का चुनाव करना सीखना होगा, जिसे पहनने के बाद आपके चौड़े कंधों की ओर लोगों की नजर कम जाए।

**रंगों का करें सही चुनाव**

गहरे रंगों में हल्के रंगों के मुकाबले पहनने वाले को दुबला-पतला दिखाने की क्षमता ज्यादा होती है। जब भी आप गहरे रंग की टॉप पहनेंगी, तो आपके कंधे ज्यादा स्लिम लगेंगे। इसके साथ ही अगर आप हल्के रंग की स्कर्ट या जींस आदि के साथ ऐसे टॉप को पहनेंगी, तो आपके कंधे और ज्यादा पतले दिखेंगे।

**फुली हुई स्लीव्स को कहें ना**

अगर आप अपने कंधों को स्लिम दिखाना चाहती हैं, तो रफल या फिर पफ स्टाइल स्लीव्स को अलविदा कह दें। ऐसी स्लीव्स सबका ध्यान आपके कंधों पर फोकस कर देगी। अगर आपके कंधे चौड़े हैं, तो इस तरह की डिजाइन वाले कपड़े पहनने से बचें।

**शोल्डर पैड वाले टॉप और जैकेट से बचें**

शोल्डर पैड आपके कंधों की चौड़ाई को सिर्फ बढ़ाने का काम करेंगे। कंधों वाले हिस्से में डिजाइन को लेकर कोई भी ऐसा एक्सपेरिमेंट नहीं करें, जिससे वो और चौड़े दिखें।

**बालों को खुला छोड़ें**

वॉल्यूम वाला कोई भी हेयरस्टाइल आपके शरीर, चेहरे और कंधों की चौड़ाई के बीच संतुलन बनाने का काम करेगा। अगर आपके बाल लंबे हैं, तो उन्हें खुला छोड़ना और भी अच्छा विकल्प साबित हो सकता है। ऐसा करने से कंधे का बड़ा हिस्सा बालों से छुप जाएगा।

## सिंपल मैगी खाकर हो गए हैं बोर तो अब ट्राई करें चाइनीज मैगी की ये चटपटी रेसिपी, खाकर आ जाएगा मजा



**-पाठकपक्ष डेस्क-**

अगर आप भी उन लोगों में से एक हैं जो मैगी को सिंपल तरीके से बनाकर खाते-खाते बोर हो चुके हैं तो यह रेसिपी खास आपके लिए ही है। चाइनीज फूड के शौकीन लोग मैगी को भी एक नई रेसिपी के साथ घर पर ट्राई कर सकते हैं। आइए जानते हैं क्या है मैगी बनाने की यह नई चाइनीज रेसिपी।

**चाइनीज मैगी बनाने के लिए सामग्री-**

-1 मैगी का पैकेट

-2 चम्मच तेल

-बारीक कटा हुआ लहसुन

-1/4 चम्मच (रेड चिली, ग्रीन चिली सॉस)

1/2 चम्मच (टोमैटो और सोया सॉस)

2 चम्मच (शिमला मिर्च और पत्ता गोभी)

1 मीडियम प्याज और गाजर और हरी मिर्च

-नमक और काली मिर्च (स्वादानुसार)

**चाइनीज मैगी बनाने की विधि-**

चाइनीज मैगी बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में एक ग्लास पानी उबालकर उसमें मैगी का छोटा पैकेट और आधा चम्मच तेल डालें ताकि वो चिपके नहीं। जब मैगी 70 प्रतिशत पक जाए तो इसे छानकर अलग एक बर्तन में निकाल लें। अब गैस पर दूसरा बर्तन रखें और उसमें 1 चम्मच तेल डालें, तेल गर्म होने पर इसमें बारीक कटा हुआ लहसुन 10-15 सेकंड भूनने के बाद लंबे साइज में कटा हुआ प्याज और गाजर डालें। प्याज को ज्यादा देर पकाकर ब्राउन नहीं करना है। थोड़ा पकने पर बारीक कटी हुई हरी मिर्च, दो चम्मच लंबी कटी हुई शिमला मिर्च, दो चम्मच लंबी कटी हुई पत्ता गोभी डालने के बाद नमक और काली मिर्च स्वादानुसार डालें। इसके बाद मैगी को चाइनीज फ्लेवर देने के लिए 1/4 चम्मच रेड चिली सॉस, 1/4 चम्मच ग्रीन चिली सॉस, 1/2 चम्मच सोया सॉस और 1/2 चम्मच टोमैटो सॉस। सब चीजों को अच्छे से मिलाकर इसमें उबाली हुई मैगी डाल दें। आखिर में इसमें मैगी के साथ आया टेस्टमेकर डाल दें। आपकी चाइनीज मैगी बनकर तैयार है।

# दयानंद महाविद्यालय हिसार में दो दिवसीय 70वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता सम्पन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** दयानंद महाविद्यालय हिसार में दो दिवसीय 70वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय बॉक्सर नवीन बुरा ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल से आपसी भाईचारे के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। इसमें सभी को शिरकत करनी चाहिए। मुख्यअतिथि अन्तर्राष्ट्रीय बॉक्सर नवीन बुरा ने बताया कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए ताकि उनका सही तरीके से बौद्धिक विकास हो सके छात्रों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर के ही मंजिल की तरफ बढ़ना चाहिए तभी वह अपनी मंजिल को प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम की सचिव प्रोफेसर सुरजीत कौर ने बताया कि खेल प्रतियोगिता में सो मीटर की दौड़ में लड़कों के वर्ग में बीए प्रथम वर्ष के छात्र अजीत ने पहला, बीए तृतीय वर्ष के छात्र मोहित ने दूसरा और अजय कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों के वर्ग में बीए प्रथम वर्ष में निशा ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की साक्षी ने दूसरा और बीए प्रथम की छात्रा निशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर की महिला वर्ग दौड़ में नीशु प्रथम साक्षी ने दूसरा और निशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया लड़कों में अजय ने दूसरा और मोहित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जंप प्रतियोगिता में लड़कियों के वर्ग में नीशा ने पहला, पलक ने दूसरा और नीशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों के वर्ग में अजीत ने पहला, अजय ने दूसरा और अमन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बेस्ट एथलीट लड़कों में बीए प्रथम के छात्र अजीत व लड़कियों में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा निशा को चुना गया। कार्यक्रम में डॉ प्रदीप कुमार, अमित कुमार, पवन कुमार, सुनील कुमार व डॉ. रवीन्द्र कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सभी विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन अमित कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. शम्मी नागपाल, डॉ. वलेरिया सेठी, प्रो. नरेन्द्र कुमार, प्रों. मंजीत सिंह आदि विशेष तौर पर मौजूद थे।

# देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बसपा को इलेक्टोरल बॉन्ड से एक भी रुपया न मिलना पार्टी की ईमानदारी का सबूत : संजय चौहान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेशों के बाद हाल में आए इलेक्टोरल बॉन्ड के खातों के विवरण में जहां भाजपा को 6061 करोड़, तृणमूल को 1610, कांग्रेस को 1422 करोड़ रुपये सहित अन्य दलों को करोड़ों रुपये का राजनीतिक चंदा मिला है वहीं बहुजन समाज पार्टी को इलेक्टोरल बॉन्ड यानी पार्टी चंदे के रूप में कोई रुपया नहीं लिया। यह इस बात का सबूत है कि बसपा एक ईमानदार पार्टी है और वह चंदा लेकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा नहीं देती। यह बात बसपा के पूर्व जोन प्रभारी एवं बसपा नेता संजय चौहान ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही। संजय चौहान ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड में बसपा को एक भी रुपया चंदे के रूप में नहीं मिलना पार्टी की साख को दर्शाता है। देश की नंबर पार्टी भाजपा के पास हजारों करोड़ रुपया राजनीतिक चंदे के रूप में आया है जो कि ऐसी-ऐसी कंपनियों द्वारा दिया गया है जिनका टर्नओवर भी उतना नहीं था जितना उन्होंने चंदा दिया जो दर्शाता है इलेक्टोरल बॉन्ड के रूप में भ्रष्टाचार का यह नया तरीका अपना लिया गया है। बहुजन समाज पार्टी ने हमेशा देश, गरीब, दलित, पिछड़ों के उत्थान में अपना योगदान दिया है और पहले पार्टी संस्थापक साहब कांशीराम व अब बहन मायावती ने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया है न कि वर्तमान में इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम अन्य पार्टियों की तरह अपने भंडार भरने का माध्यम। चौहान ने कहा कि ऐसी ईमानदारी पार्टी की आज देश को जरूरत है और बसपा उस कसौटी पर खरी उतरती है। बहन मायावती को देश की जनता प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है और इन लोकसभा चुनावों में इलेक्टरोल बॉन्ड बड़ा मुद्दा होगा।

# श्याम भगत मेले में 21 मार्च को हवन, अटूट भंडारा व निशुल्क चिकित्सा शिविर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** श्रीश्याम मंदिर में चल रहे श्याम भगत मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। 21 मार्च तक चलने वाले इस मेले में हिसार व अन्य क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा ले रहे हैं। यहां आयोजित श्रीराम कथा के दौरान वृंदावन से पधारे कथा प्रवक्ता महाराज शैलेंद्र पराशर ने श्रीराम-जानकी विवाह का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। श्रीराम कथा के दौरान स्वामी राजेश्वरानंद महाराज, विक्रांत धमीजा, गजेंद्र चौधरी, नितिश सुथार, कैलाश बंसल, मंजू शर्मा व मनोज गोदारा सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंदिर के महंत गोकुलदास व संयोजक जगदीश तायल ने बताया कि बताया कि श्याम भगत मेले का 21 मार्च को समापन होगा। 21 मार्च को प्रातः आचार्य धर्मबीर शास्त्री जनकल्याण के निमित हवन करेंगे और प्रातः 11.15 बजे से अटूट भंडारा शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले के अंतिम दिन 21 मार्च को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। इस शिविर में डॉ. नितिन चोपड़ा श्रद्धालुओं की निशुल्क नेत्र जांच करके उचित परामर्श देंगे और होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. साहिल शर्मा भी अपनी सेवाएं निशुल्क देंगे। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क वितरित की जाएंगी।


**GRAM VIKAS SANSTHAN**

416-Nand Vihar, Phase-3, Azad Nagar, Hisar

**टैंडर/ कोटशन आमंत्रित**

**टीआई प्रोजैक्ट(GVS), हिसार**

ग्राम विकास संस्थान, हिसार द्वारा टीआई प्रौजेक्ट हिसार के लिए निडल, सिरज, Syhilis Testing Kits, Abscess Management आदि सामान खरीदा जाना है। सामान का विवरण संस्था की वेबसाईट gvsngo.in पर देखा जा सकता है। टैण्डर/कोटशन की अंतिम तिथि दिनांक 20 मार्च 2024 को सायं 5 बजे तक है तथा सभी टैंडर/कोटशन 21 मार्च 2024 को सुबह 11 बजे खोले जायेगे। टैंडर/कोटशन निम्न पतें पर जमा करवायं। टीआई ऑफिस, 416ए नन्द विहार, फेस-3 लाइफ लाईन हस्पताल के पास आजाद नगर हिसार। अन्य शर्तें मौके पर सुना दी जाएगी

**प्रोजैक्ट डायरेक्टर**

टीआई प्रोजेक्ट(GVS), हिसार


**बेदखली सूचना**

मैं, भूमनाथ उर्फ औमनाथ पुत्र श्री किशोरी लाल, निवासी 386/14 इन्द्रा कालोनी, हांसी, तह. हांसी, जिला हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र धर्मबीर व उसकी धर्मपत्नी छिन्दो मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैंने इन्हें अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकार


FLEXIBLE WORK TIMINGS. UNLIMITED EARNINGS.

शुरू किजिए गृहिणी से बिजनेसवुमन बनने का सफर | अपने जीवन की दूसरी पारी शुरू कीजिए एक खास बिजनेस मौके के साथ

BENIFITS

- Fixed Salary
- International Conventions
- Unlimited Income
- PF & ESI Benefits
- Part-Time/ Full-Time Opportunity

For Registration Call

Pawan Kataria 9215500748

Bharti AXA Life Insurance Company Ltd.

Office 1 & 2, 2nd Floor, Metropolis Mall, Opposite Vidyut Nagar, Hisar






अब बर्तन चाँदी से चमके


# अग्रोहा धाम में पूर्णिमा पर 24 मार्च को होगा छप्पन भोग व होली मिलन समारोह

## अग्रोहा धाम द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से अयोध्या व दिल्ली में भवन बनाया जाएगा : बजरंग गर्ग



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में वैश्य समाज के संगठन के विस्तार करने व 24 मार्च का अग्रोहा धाम में पूर्णिमा के पावन पर्व पर भव्य होली मिलन समारोह की तैयारियों पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि 24 मार्च को अग्रोहा धाम में पूर्णिमा के पावन पर्व पर छप्पन भोग, होली मिलन समारोह पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारा होगा। जिसमें हरियाणा, राजस्थान व पंजाब के कलाकार भाग लेंगे। श्री गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम ईकाई का राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर विस्तार किया जा रहा है। अग्रोहा धाम में करोड़ों रुपए की लागत से अयोध्या व दिल्ली में भव्य भवन बनाया जा रहा है। इसी प्रकार देशभर में हर तीर्थ स्थलों पर अग्रोहा धाम के अग्रवाल भवन बनाएं जाएंगे। महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर हिसार में तोरण द्वार बनाया जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम की ईकाई देश, प्रदेश व अग्रोहा के विकास में लगा हुआ है। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष राकेश गोयल हरिद्वार, राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता राधेश्याम भारती, पंजाब प्रदेश प्रवक्ता मनप्रीत बंसल, महाराष्ट्र प्रदेश प्रवक्ता महेश अग्रवाल, अग्रोहा धाम इकाई का प्रदेश प्रचार सचिव मनीष गोयल सतनाली, राजीव गुप्ता कैथल, प्रवीण सिंगल पलवल, प्रदेश सचिव कीर्ति जैन रतिया, कृष्ण गोयल पंचकूला, महेंद्रगढ़ जिला प्रधान अरुण नूनी वाला, इस्माईलाबाद प्रधान उमेश गर्ग, सिरसा जिला प्रधान अनिल सर्राफ, महम प्रधान बजरंग गोयल आदि को बनाया गया है।

# प्रो. मनोज कुमार ने लहराया अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** मंजिल उन्हें मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। किसी शायर की ये लाइनें बहुत से लोगों ने सुनी व पढ़ी होंगी लेकिन इन लाइनों को सच करने का काम राजगढ़ रोड पर स्थित राजकीय महाविद्यालय हिसार के भूगोल विभाग के अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही प्रो. मनोज कुमार ने तंजानिया देश में स्थित अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो (यूहुरु चोटी) पर तिरंगा लहराकर सच किया है तथा न केवल हिसार का बल्कि हरियाणा का नाम रोशन किया है। प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि इस चोटी की ऊंचाई 5895 मीटर है तथा यह पर्वत विश्व का सबसे ऊंचा ओन्ली स्टैंडिंग ज्वालामुखी पर्वत है। प्रो. मनोज इस चोटी पर चढ़ाई करने वाले उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा के पहले कर्मचारी व हरियाणा के पहले भूगोलवेता है। उन्होंने बताया कि इस पर्वत पर फतह करना बहुत ही कठिन कार्य था, चोटी पर माइनस 20 डिग्री तापमान ऑक्सीजन की मात्रा लगभग 50 प्रतिशत व लगभग 40 - 50 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से तेज ठंडी हवाएं चल रही थी लेकिन इन कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने 12 मार्च को सुबह 8:00 बजे भारत का तिरंगा इस ऊंची चोटी पर लहराया। वहां पहुंचकर उन्होंने विश्व में हो रहे हैं जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर पिघलने के बारे में लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। उन्होंने अपनी सफलता के लिए अपनी माता-पिता, पत्नी, राजकीय महाविद्यालय हिसार की प्राचार्य डॉ. दीपमाला लोहान व सभी स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया व कहा कि उनके सहयोग व मोटिवेशन के बिना इस कार्य को कर पाना लगभग असंभव था।

# नारी नारायणी फाउंडेशन ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** नारी नारायणी फाउंडेशन के द्वारा होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बताया कि राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन जब परिवार का साथ मिलता है तो हर चुनौती बहुत छोटी लगती है। संस्थापिका पूनम नागपाल ने होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि संस्था में पहले सौ थालियों व गिलास का बर्तन बैंक था जिसका आज विस्तार किया गया है और यह बढ़कर 400 हो गया है। इसके लिए अंजू, मंजू, शशि खन्ना, मिताली, कांत शर्मा व सरिता जैन का अभिनंदन किया गया। उप प्रधान संगम पांडे व ममता चंद्राकर ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए डिस्पोजेबल बर्तन का प्रयोग कम से कम करना चाहिए। सुनीता शर्मा, नीलम कक्कड़, बबली व ललिता बांगा ने बताया कि हर अच्छी चीज की शुरुआत घर से ही होती है, इसलिए हम डिस्पोजेबल बर्तन का प्रयोग ना करके आज स्टील की थालियों का ही प्रयोग करेंगे। मोनिका ललित, किंशु, निशा भयाना, बिंदिया कामरा, गीतू बांगा, निशा, उषा शर्मा ने सभी को इको फ्रेंडली होली मनाने का भी संदेश दिया। इस अवसर पर मंजुला खत्री, अर्चना सुहासिनी, रमा वर्मा, अंशुल, ज्योति पुलानी, दीक्षा मेहता, नेहा मेहता, ललिता हंस, दीप्ति जया, शगुन, वर्षा जैन, वीणा भंडारी, इंदु ज्योति, मोनिका वर्मा, शीतल सैनी, नीलम रोमा, रमन, रमन नासा, ममता राव, कविता सेहरावत, निधि, सीमा सैनी, कविता आदि अनेक महिलाएं विशेष रूप से उपस्थित रही।

# होलिया में उड़े रे गुलाल.... कहियो रे मंगेतर से....

## हरियाणवी रिवाज ग्रुप ने स्मृति वन पार्क में नाच-गाकर मनाया होली पर्व



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** हरियाणवी रिवाज ग्रुप ने ग्रुप की अध्यक्षा कांता हुड्डा के सान्निध्य में स्मृति वन पार्क में तिलक लगाकर फूलों की होली खेली। क्या बड़े-क्या छोटे सभी ने नाच-गाकर पर्व का आनंद लेते हुए खूब धमाल किया। देसी खान-पान और महिलाओं के पहनावे ने रंगों के इस त्यौहार में चार चांद लगा दिए। सबसे बड़ी यह बात सामने यह आई कि इस तरह से त्यौहार मनाने से पर्व से जुड़े रीति रिवाज व पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं और हर उम्र की महिलाओं को टाइम पास करने का जरिया मिल जाता है। वृद्ध महिलाओं को सबसे ज्यादा खुशी होती है कि उनके सामने पुरानी परम्पराओं को आज भी जिंदा रखा जा रहा है क्योंकि पश्चमी सभ्यता के चलते आजकल पुरानी संस्कृति व रिवाज लुप्त होते जा रहे हैं। अब उनको दोबारा से यह सब देखने को मिल रहा है। कार्यकम के दौरान तिलक होली व फूलों की होली खेलते हुए पानी बचाने का संदेश दिया गया। महिलाओं व बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी जिसे सभी ने सराहा। होली के गीतों में रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे......, फागण आया हे मस्त महीना मां तेरी सूं...., होलिया में उड़े रे गुलाल.... कहियो रे मंगेतर से....., कोरड़ा न्यू माराया री घुमा कै... बैठ गया गम खा कै.... आदि मुख्य रहे। कांता हुडा ने बताया कि मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेविका उषा मान व विशिष्ट अतिथि के रुप में रेखा ऐरन तथा पूर्व पार्षद चंद्रपति ढांडा उपस्थित हुए। सुनीता श्योराण ने हरियाणवी भाषा में गजब की एंकरिंग की। इस अवसर पर सुजाता बिश्नोई, सुनीता श्योराण, कविका, संतोष शर्मा, शारदा, धर्मा देवी, दुलारी देवी, शकुंतला, वीरमति, पूजा, नीलम ,सुनीता पूनिया, सोनिया, मीना हुड्डा, सुशील देवी, नीलम देवी, सरोज देवी, गीता हुडा, सुदेश, पुष्पा देवी, बाला, सोनिया, गायत्री देवी, सविता देवी, सुमन सहित सैंकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

**Name Change**

I, Gurvinder Singh S/o Gurpreet Singh R/o VPO. Jhanda Kalan Sardulgarh, Mansa (Punjab) do hereby declare that I have changed my name from GURVINDER SINGH to GURWINDER SINGH for future purpose.

- Deponent

**पाठक ध्यान दें...**

दैनिक पाठकपक्ष के समाचारों को आप हमारी वैबसाइट pathakpaksh.com और फेसबुक पेज pathak paksh पर भी रोजाना पढ़ सकते हैं।


**जापानी चौखट व जंगले** ऑर्डर पर तैयार किए जाते हैं

हमारे यहां JSW की PREPAINTED 1.5 MM (16 GAUGE) Sheet का प्रयोग किया जाता है, जो निर्माता द्वारा उच्च तकनीक से बनाई जाती है व जंगरोधक होती है।

गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं 94670-50404

**JBS ENTERPRISES**

सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल के पास, गुरु कृपा धर्मकांटा के पीछे, तोशाम रोड, हिसार



**डॉ. बलबीर सैनी**

B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)

चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ

**बलबीर हस्पताल**

पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार

✆ 92156-88573


**Name Change**

I, Shweta Sachdeva W/o Sh. Rishi Raj Sachdeva R/o H. No. 3, Green Park, Hisar (Haryana) hereby declare that I have changed my Name from Shweta Sachdeva to Shweta for all future purposes.

- Deponent

**Name Change**

I, Asha Rani W/o Sh. Krishan Kumar R/o H. No. 9, Daya Nand Colony, Hisar hereby declare that I have changed my name from Asha Rani Gulati to Asha Rani W/o Sh. Krishan Kumar for future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Krishan Kumar S/o Sh. Gokal Chand R/o H. No. 9, Daya Nand Colony, Hisar hereby declare that I have changed my name from Krishan Kumar Gulati to Krishan Kumar for future purpose.

- Deponent

# विकास कार्यों में भेदभाव को लेकर हांसी के 15 पार्षदों में रोष, बैठक कर विरोध का लिया फैसला



नगर परिषद में अधिकारियों की मिली भगत से अनेकों फर्जी बिल पास किए जा रहे है। टैंट, जेसीबी जैसे अनेकों बिल फर्जी बना कर पास किए जा रहे है। जिनकी जांच के लिए अनेकों शिकायते की जा चुकी है फिर भी उन अधिकारियों पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही। जब से मुझे पेमेंट अप्रूवल कमेटी का सदस्य बनाया गया है तब से विकास कार्यों के फर्जी पेमेंट होने पर मैने रोक लगाई। विधायक व नगर परिषद के उप-प्रधान द्वारा अधिकारी पर दबाव डालकर बिल पास करवाने की कोशिश की गई। परंतु मैंने कोई भी फर्जी बिल पास नही होने दिए।

**-कृष्ण सैनी, भाजपा पार्षद, वार्ड नं. 25**

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 18 मार्च :** गत दिवस पार्षदों ने विधायक के खिलाफ अपना मोर्चा खोल दिया। पार्षदों ने बैठक कर लोकसभा चुनाव में किस पार्टी को अपना समर्थन देना है उस पर चर्चा की गई। बैठक में कुछ भाजपा के पार्षद भी मौजूद थे। लेकिन अब वे पार्षद भाजपा के खिलाफ उतर सकते हैं, जिससे हांसी में भाजपा को बड़ा झटका लग सकता है। बैठक के दौरान पार्षदों ने विधायक पर नगर परिषद के कामों में दखलअंदाजी करने का आरोप लगा कर नाराजगी जताई। यह बैठक वार्ड नं 2 के पार्षद हरिराम सैनी के कार्यालय में गुप्त रूप से की गई जिसकी शहर में भनक तक नहीं लगी। बैठक खत्म होने के बाद पार्षदों ने सोशल मीडिया पर फोटो डाल लिखा आज बैठक में लोकसभा चुनाव में किस उम्मीदवार को अपना समर्थन देना है इस पर चर्चा की गई। जिसके बाद शहर में चर्चा का विषय बन गया। बैठक में कुल 15 पार्षद मौजूद थे। 15 पार्षदों के रंगरूप कल विधायक के खिलाफ थे। उनका आरोप था विधायक नगर परिषद में कामों को लेकर काफी दखलअंदाजी करते है जिसके कारण उनके वार्डो के सम्मान रूप से विकास कार्य नही हो सकते। लोकसभा चुनाव में 15 से 20 पार्षद अगर किसी अन्य दल को अपना समर्थन देते है तो आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में हांसी में भाजपा को बड़ा झटका लगेगा। बैठक में पार्षद हरिराम सैनी, पार्षद आशीष पिंकू, पार्षद दुलीचंद, पार्षद कुक्कू सरदार, पार्षद शंटी भूजेजा, पार्षद सुभाष, पार्षद कृष्ण सैनी, पार्षद रमेश सिसोदिया, पार्षद डॉ. राहुल, पार्षद धर्मपाल मजोका, पार्षद प्रतिनिधि अजय सैनी, पार्षद मीनू मुवाल, पार्षद सीमांत चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि राहुल शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि ज्योति कामरा मौजूद थे। पार्षदो ने कहा नगर परिषद में भ्रष्टाचार का सरे आम बोलबाला चल रहा है। उन्होंने कहा नगर परिषद के अधिकारी विधायक के दबाव में काम कर रहे है। साथ ही भ्रष्टाचार खुले रूप से चल रहा है। साथ ही हांसी शहर की राजनीति पर भी चर्चा की गई। पार्षद कृष्ण सैनी ने हांसी नगर परिषद में फर्जी बिल पास करने के भी सवाल उठाए।

### हांसी नगर परिषद के वाइस चेयरमैन की भी जा सकती है कुर्सी

सूत्रों के हवाले से यह भी पता चला है बैठक में वाइस चेयरमैन की कुर्सी गिराने को लेकर भी चर्चा की गई है। जिसके बाद सभी पार्षदों से पूछा गया तो लगभग सभी पार्षदो ने इसपर सहमति जताई। बताया जा रहा है आगामी लोकसभा चुनाव के बाद 18 से 20 पार्षद वाइस चेयरमैन के खिलाफ उतर कर कुर्सी गिरा सकते है। अगर वाइस चेयरमैन की कुर्सी गिर जाती है तो हांसी में भाजपा को बड़ा झटका लगेगा। बता दे वाइस चेयरमैन को सभी पार्षदो द्वारा सर्वसम्मति से बनाया गया था। पिछ्ली हांसी नगर परिषद की बैठक में भी इस बात को उठाया गया था तो उसी दौरान पार्षद नितेश शर्मा ने भी उनपर तंज कसते हुए उन्हें दरबारी घोड़ा कहा गया था।

# हिसार संघर्ष की धरने व प्रदर्शन की चेतावनी के बाद तहसील कार्यालय में शुरू हुआ रजिस्ट्री का काम

**उप मुख्यमंत्री राजस्व विभाग को ताला लगाकर चाबी देना भूले, रजिस्ट्री नहीं होने से लोग हैं परेशान : जितेंद्र श्योराण**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** हिसार संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेंद्र श्यारोण आज तहसील कार्यालय में लोगों को आ रही समस्याओं को हल करवाने के उद्देश्य से जिला उपायुक्त को ज्ञापन देने पहुंचे लेकिन उपायुक्त की अनुपस्थिति के चलते वे ज्ञापन नहीं दे पाए। इसके बाद जितेंद्र श्योराण खुद तहसील कार्यालय पहुंचे और वहां लोगों से तहसील की कार्य प्रणाली के बारे में बातचीत की। लोगों में तहसील की कार्य प्रणाली के प्रति गहरा रोष देखने को मिला। लोगों ने बताया कि आम जनता को सुविधाएं देना तो दूर की बात है जब से नई सरकार का गठन हुआ है तब से तहसील में रजिस्ट्रियां ही नहीं की जा रही। जिस पर जितेन्द्र श्योराण तहसील कार्यालय में अधिकारियों से मिले और उन्हें चेतावनी दी कि यदि रजिस्ट्री बनाने का कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे तहसील कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ जाएंगे और इसके विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद तहसील कार्यालय में रजिस्ट्री का कार्य शुरू हुआ और लोगों की रजिस्ट्रियां हो पाई।

जितेन्द्र श्योराण ने कहा कि लगता है पूर्व उपमुख्यमंत्री राजस्व विभाग को ताला लगाकर उसकी चाबी देना ही भूल गए हैं। इस विभाग व सिस्टम में उन्होंने जो घोटाले किए हैं उन्हें छिपाने के लिए इस तरह के प्रयास कर रहे हैं तभी इतने दिनों से लोगों को परेशान किया जा रहा था जिसे आज समिति के प्रयासों से सुचारू रूप से चालू किया गया है। श्योराण ने बताया कि जब से सरकार गिरी है और 'ठगबंधन' टूटा है तब से लेकर अभी तक तहसील कार्यालय में रजिस्ट्रियां ही नहीं हो रही हैं और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा लग रहा है कि जैसे चाबी वाली सरकार इस विभाग में को ताला लगा करके चाबी को अपने साथ ही ले गई और नई सरकार को चाबी देना ही भूल गई। उन्होंने कहा कि यह कहीं ना कहीं सिस्टम के साथ छेड़खानी करके खुद द्वारा किए गए घोटालों का छुपाने का प्रयास किया जा रहा है।

श्योराण ने बताया कि लोगों के काफी दिनों से टोकन कटे हुए होने के बावजूद उनके कार्य नहीं हो पा रहे थे। रजिस्ट्री के साथ ही लोगों को पैसों का लेनदेन करना होता है उनका वह पैसा भी रुका हुआ था। अधिकारियों से बातचीत के बाद तुरंत प्रभाव से सोमवार को लगभग 1 से 1:30 के बीच रजिस्ट्री करने का कार्य शुरू हुआ तो लोगों को कुछ राहत मिली। जितेंद्र श्योराण ने कहा कि जिला उपायुक्त के मौजूद नहीं होने के कारण उन्हें अब कल ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**हरियाणा प्राइवेट स्कूल में चिल्ड्रन वैलफेयर ट्रस्ट ने मनाया होली महोत्सव**

# स्कूल संचालकों की समस्याओं के लिए हर समय तैयार हूं : डॉ. जगबीर सिंह

**कोई अधिकारी या कर्मचारी स्कूल संचालकों को अनावश्यक तंग करे तो उन्हें अवगत कराएं : ईश्वर मालवाल**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** हरियाणा प्राइवेट स्कूल व चिल्ड्रन वैलफेयर ट्रस्ट ने सेक्टर 14 स्थित न्यू लॉर्ड कृष्णा स्कूल के प्रांगण में होली महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह व हरियाणा माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री सुभाष जैन रहे। स्कूल के निदेशक सुधीर वरमानी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया व कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉक्टर जगबीर सिंह ने अपनी संघर्षशील जीवन यात्रा को सांझा किया और आए हुए सभी साथियों को सूचना के अधिकार से संबंधित जानकारियां दी। स्कूल संचालक साथियों को भविष्य में किसी भी तरह के सहयोग के लिए आश्वासन दिया। साथ में हास्य प्रस्तुति द्वारा मनोरंजन भी किया। चेयरमैन ईश्वर मालवाल ने अपने संबोधन में कहा कि जिला में कोई अधिकारी, कर्मचारी या अन्य किसी भी साथी को अनावश्यक रुप से तंग करता है तो उन्हें बताएं, इसका तुरन्त समाधान करेंगे। सुभाष जैन ने कहा कि वे सभी स्कूल संचालकों की सेवा के लिए हर समय उपलब्ध हैं। संचालकों की किसी भी तरह की समस्या के लिए वे हर समय हाजिर हैं। अधिवक्ता सुशील नागपाल ने कोर्ट में यूनियन की तरफ से चल रहे कंटेंप्ट केस, आरटीआई कैस, एसएलसी कैस, मान्यता रिन्यू संबंधी केस की ताजा स्थिति से अवगत कराया।

हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के प्रधान नरेंद्र सेठी ने कहा कि सभी साथी एकजुट रहें, यूनियन सदैव आपके संघर्ष में साथ है। हरियाणा प्राइवेट स्कूल व चिल्ड्रन वैलफेयर ट्रस्ट के प्रधान प्रताप सिंह वर्मा ने सभी अतिथियों का शेरो शायरी के माध्यम से आभार प्रकट किया और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम करते रहने का विश्वास दिलाया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा भाजपा लोकसभा हिसार प्रबंधक लोकेश असीजा को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक दूसरे को तिलक लगाकर होली महोत्सव मनाया गया। मंच संचालन करते हुए संजय धवन ने बीच-बीच में हास्य प्रस्तुति देकर माहौल में उल्लास भर दिया। इस अवसर पर जेपी पाहवा, डॉ. विजय खेड़ा, शशि सहगल, सौरभ पपनेजा, राजवीर भाटीवाल, भारत सुनेजा, राहुल शर्मा, अजीत सिंह खरब, नरेंद्र मोहन, गगन भयाना, शिवकुमार शर्मा, सत्यवीर गढ़वाल, रामफ़ल जलंधरा, सुशील नागपाल एडवोकेट, कृष्ण यादव, राजेश श्योराण सहित हिसार के अन्य स्कूल संचालक भी मौजूद रहे।

# हिसार ब्रांच ऑफ एनआईआरसी ऑफ़ आईसीएआई द्वारा आयोजित इंटरनेशनल वूमेंस डे के उपलक्ष में महिला सशक्तिकरण पर सेमीनार का आयोजन

**सेमीनार का मुख्य उदेश्य, स्ट्रॉग वूमेन स्ट्रॉग वर्ल्ड : चैयरमैन सीए अमित छाबड़ा**

### जिस देश में महिलाएं मजबूत होती हैं वह देश सशक्त होता है : वाइस चेयरपर्सन एनआईआरसी सीए शालिनी गुप्ता



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** हिसार ब्रांच ऑफ एनआईआरसी ऑफ़ आईसीएआई द्वारा आयोजित इंटरनेशनल वूमेंस डे के उपलक्ष में महिला सशक्तिकरण पर सेमीनार का आयोजन किया। सेमीनार का संचालन हिसार ब्रांच ऑफ एनआईआरसी ऑफ़ आईसीएआई के चेयरमैन सीए अमित छाबड़ा ने किया। सेमीनार में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली ब्रांच एनआईआरसी ऑफ़ आईसीएआई की वाइस चेयरपर्सन सीए शालिनी गुप्ता ने शिरकत की। कार्यक्रम में वशिठ अतिथि तौर पर सीए आशा जैन, अनु चिनिया,डॉ. सुजाता अग्रवाल व जोतसना कामरा मौजूद रही। महिला सशक्तिकरण पर सेमीनार ने दिल्ली ब्रांच एनआईआरसी ऑफ़ आईसीएआई की वाइस चेयरपर्सन सीए शालिनी गुप्ता व वशिठ अतिथियो को फूलों का बुक्का देकर सम्मानित भी किया।

हिसार ब्रांच ऑफ एनआईआरसी ऑफ़ आईसीएआई के चैयरमैन सीए अमित छाबड़ा ने बताया कि इंटरनेशनल वूमेंस डे के उपलक्ष में यह कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रोग्राम का मुख्य उदेश्य यह है स्ट्रॉग वूमेन स्ट्रॉग वर्ल्ड महिला जितनी मजबूत होगी, हमारा संसार उतना ही मजबूत रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारी आज की थीम है कि महिला आज के समय में पुरुषो से काफी आगे निकल गयी है। आज के समय में महिलाये अपने आप में बहुत सक्षम बन गयी है। महिला आज भी सभी कार्य अच्छे से सभाल लेती है। चाहे वह घर का काम हो या फिर ऑफिस का काम सभी को अच्छे से एक धागे में पिरो कर रखती है। चैयरमैन सीए अमित छाबड़ा ने कहा कि हिसार ब्रांच ऑफ एनआईआरसी ऑफ़ आईसीएआई द्वारा आयोजित इंटरनेशनल वूमेंस डे के उपलक्ष में महिला सशक्तिकरण सेमीनार में ब्रांच के सभी मेम्बरो ने हिस्सा लिया। दिल्ली ब्रांच एनआईआरसी ऑफ़ आईसीएआई की वाइस चेयरपर्सन सीए शालिनी गुप्ता ने बताया कि जिस देश में महिलाएं मजबूत होती हैं, वह देश सशक्त होता है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी हिस्सा नहीं है, जहां महिलाएं अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करवा रही हैं। इस समारोह में बहुत सी जानी मानी उन महिलाओ ने हिस्सा लिया जो सीए के तौर पर अपनी अलग पहचान रखती हैं।

इस मोके पर चैयरमैन सीए अमित छाबड़ा ,वाईस चैयरमैन सीए अमन बंसल, सेक्रेटरी सीए प्रतीक आर्या, पूर्व चैयरमैन सीए परमजीत सिंह, सीए पवन मित्तल, सीए तरुण वलेचा, सीए ललित ग्रोवर, सीए राजेंदर नारंग, सीए सौरव जैन, सीए ऋषभ गोयल, सीए चेतना अरोड़ा, सीए पूजा रहेजा, सीए कीर्ति गोयल, सीए विकास गर्ग, सीए सुनील गोदारा, सीए रजत कुकरेजा, सीए शुभम कुकरेजा आदि मौजूद रहे।

# समृद्ध भारत परिषद का परिवार मिलन एवं होली महोत्सव आयोजित





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** समृद्ध भारत परिषद द्वारा दिल्ली रोड स्थित सूर्या सेलिब्रेशन में परिवार मिलन एवं होली महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाखा अध्यक्ष विकास लाहौरिया ने बताया कि होली महोत्सव का कार्यक्रम करने से पुराने रीति-रिवाज की याद ताजा हो जाती है। कार्यकारी सचिव डॉक्टर अजीत कुमार एवं कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल बंसल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रोग्राम के अंतर्गत 12 जरुरतमंद छात्रों को शिक्षा के लिए गोद लिया। कार्यक्रम में संजीव शर्मा, दीपक अग्रवाल, तिलक मेहता, मन्नू गोयल, विजय अग्रवाल, विशंभर सचदेवा, तरुण मेहता एवं अन्य सदस्यगणों ने भाग लिया।

# धरना स्थल पर 23 मार्च को लोकतंत्र बचाओ दिवस मनाएंगे-एसकेएम



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** संयुक्त किसान मोर्चा, हिसार का बेमियादी धरना आज 76वें दिन भी जारी रहा। आज धरने की अध्यक्षता सुरजभान डाया ने की। मौके पर संयुक्त किसान मोर्चा की मीटिंग कि गई मीटिंग कि आज संयुक्त किसान मोर्चा, हिसार कि मीटिंग कि अध्यक्षता बुद्धराम खासा ने की।किसान नेताओं ने कहा कि बीमा क्लेम के पैसे किसानों के खातों में कितने आए,कई गांव के अभी तक नहीं आए है। कुछ गांव के जितने पैसे आने चाहिए थे उसके मुताबिक बहुत ही कम आए है। सरदानन्द राजली ने बताया कि 23 तारीख को शहीदी दिवस के मौके पर लोकतंत्र बचाओ दिवस धरना स्थल पर मनाया जाएगा। उसके बाद एसकेएम कि जिला कमेटी की मीटिंग करेंगे बीमा क्लेम, मुआवजा आदि मांगों को लेकर प्रसाशन से जवाब तलब किया जाएगा और गांव वाईज कितना बीमा क्लेम बनता था कितना खातों में डाला गया हर गांव की जानकारी ली जाऐगी और सर्वसहमति से आगामी आंदोलन की रुप रेखा बनाई जाएगी। एसकेएम कि मीटिंग में सभी संगठनों के प्रमुख साथी पहुंचेंगे।

# अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया होली महोत्सव



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 मार्च :** अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन जिला हिसार द्वारा होली महोत्सव बड़ी धूमधाम से श्री सत्यनारायण शिव मंदिर नई अनाज मंडी में मनाया गया। महिलाओं द्वारा होली उत्सव में सुंदर सुंदर भजन गाकर, नाचकर आनंद लिया कार्यक्रम में विशेष रूप से फूलों की होली खोली गई और सभी महिलाओं ने एक दूसरे को चंदन का तिलक लगाकर गीले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को बधाई दी और होली के रंग में रंग गए। भजन मंडली उर्मिल सिंगल, सुमित मित्तल द्वारा सुंदर-सुंदर भजन गाकर माहोल आनंद विभोर कर दिया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अनीता जैन, जिला अध्यक्ष एकता गर्ग, जिला महामंत्री अनु गोयल, गुंजन आर्य, नीलिमा अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, पूनम बंसल, रिद्धि, पूजा, अंजू, किरण, मीनू बंसल, अनामिका, शिल्पा, श्वेता, कविता, सोनू, मंजू बंसल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

